जेष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 152, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 29 जून 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**भाजपा ने शिंदे गुट को 8 कैबिनेट और 5 राज्य मंत्रियों का ऑफर दिया, उद्धव की बागियों से अपील- मुझे आपकी फिक्र, लौट आइए... मिलकर बात करते हैं**

# महाराष्ट्र: अब 'सरकार' बदलने वाली है!

**मुंबई/नई दिल्ली:** महाराष्ट्र की सियासत में हलचल तेज होती नजर आ रही है। गुवाहाटी में जहां एकनाथ शिंदे ने 50 विधायकों के समर्थन के साथ एक बर फिर से शिवसेना पर दावा ठोक दिया है। वहीं शिवसेना प्रमुख और महाराष्ट्र के सीएम उद्धव ठाकरे ने बागी विधायकों से लौट आने और बैठकर हर गिले-शिकवे पर बातचीत करने की अपील की है। इससे पहले गुवाहाटी के होटल में मौजूद शिवसेना के बागी गुट के नेता एकनाथ शिंदे मंगलवार को मीडिया के सामने आए। वहां उन्होंने कहा- हम शिवसेना में ही हैं। हम हिंदुत्व का मुद्दा आगे ले जा रहे हैं। शिंदे ने जल्द मुंबई जाने की बात भी कही। उन्होंने एक बार फिर शिवसेना पर दावा ठोका और कहा कि उनके साथ 50 विधायक हैं। इधर, भाजपा नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी मंगलवार को करीब 2 बजे चार्टर्ड प्लेन से दिल्ली पहुंचे। सरकार बनाने की संभावनाओं के बीच करीब सवा चार बजे वे पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलने गए। इसके बाद वे गृह मंत्री अमित शाह से भी मिले। चर्चा यह भी है कि शिवसेना के बागी गुट के नेता एकनाथ शिंदे भी दिल्ली जा सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, शिंदे गुट और भाजपा के बीच सरकार बनाने पर मंथन भी चल रहा है। भाजपा ने शिंदे गुट को 8 कैबिनेट और 5 राज्य मंत्रियों का ऑफर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, डिप्टी सीएम के लिए एकनाथ शिंदे का नाम रखा गया है। गुलाबराव पाटिल, संभुराज देशाई, संजय शिरसाट, दीपक केसरकर, उदय सामंत को मंत्री बनाया जा सकता है।







**उद्धव की बागियों से अपील- झांसे में न रहें, लौट आएं:** सीएम उद्धव ठाकर ने कहा कि शिव सैनिक विधायक भाइयों और बहनों जय महाराष्ट्र! आप पिछले कुछ दिनों से गुवाहाटी में फंसे हुए हैं। आपके बारे में रोज नई-नई जानकारियां सामने आ रही हैं, आप में से कई लोग संपर्क में भी हैं। आप अभी भी दिल से शिवसेना में हैं। आप में से कुछ विधायकों के परिवार के सदस्यों ने भी मुझसे संपर्क किया है और मुझे अपनी भावनाओं से अवगत कराया है। शिवसेना के परिवार के मुखिया के रूप में मैं आपकी भावनाओं का सम्मान करता हूं। भ्रम से छुटकारा पाएं, इसका एक निश्चित रास्ता होगा, हम बैठेंगे एक साथ और इससे बाहर निकलने का रास्ता खोजें। किसी के गलत कामों के झांसे में न आएं, शिवसेना द्वारा दिया गया सम्मान कहीं नहीं मिल सकता, आगे आकर बोलेंगे तो मार्ग प्रशस्त होगा।

**गुवाहाटी के होटल की बुकिंग 12 जुलाई तक बढ़ाई गई:** शिवसेना के बागी विधायकों को 12 जुलाई तक गुवाहाटी में ही रखने की तैयारी है। गुवाहाटी के जिस होटल में शिंदे गुट के विधायक ठहरे हुए हैं, उसकी बुकिंग 12 जुलाई तक के लिए बढ़ा दी गई है। इस तारीख तक होटल में आम लोगों के लिए कोई भी रूम उपलब्ध नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट बागी विधायकों को अयोग्य ठहराने वाले डिप्टी स्पीकर के नोटिस पर जवाब देने पर 11 जुलाई को सुनवाई करेगा।



**भाजपा ने अपने विधायकों को 29 जून को मुंबई बुलाया**

महाराष्ट्र भाजपा ने अपने सभी विधायकों को 29 जून तक मुंबई पहुंचने को कहा है। पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के सागर बंगले पर भाजपा कोर ग्रुप की सोमवार शाम को हुई मीटिंग के बाद विधायकों के लिए यह फरमान जारी किया गया।

## सामना में लिखा- महाराष्ट्र के 3 टुकड़े करने की साजिश

**महाराष्ट्र के** जारी सियासी संकट के बीच शिवसेना के मुखपत्र सामना में मंगलवार को बीजेपी और बागी विधायकों पर निशाना साधा गया। शिवसेना ने लिखा- दिल्ली में बैठे भाजपाई नेताओं ने महाराष्ट्र को तीन टुकड़ों में बांटने की खतरनाक साजिश रची। इसमें लिखा- सरकार के पक्ष में खड़े लोगों को ईडी की फांस में फंसाकर आवाज दबाने की कोशिश की जा रही है। महाराष्ट्र के सियासी पटल पर यह खेल कब तक चलेगा? महाराष्ट्र के टुकड़े करने वालों के हम टुकड़े कर देंगे।

बागी विधायक चलती-फिरती लाशें: राउत संजय राउत ने ट्वीट कर बागी विधायकों व भाजपा पर निशाना साधा है। ट्विटर हैंडल पर बागी विधायकों का बिना नाम लेते हुए लिखा, 'जहालत' एक किस्म की मौत है, और जाहिल लोग चलती फिरती लाशें हैं।

इससे पहले भी संजय राउत ने बागी विधायकों को 'जिंदा लाश' कहकर संबोधित किया था। उन्होंने कहा था, गुवाहाटी में वो 40 लोग जिंदा लाश हैं, उनकी आत्मा मर चुकी है। उनके इस बयान पर काफी हंगामा हुआ था।

# योगी कैबिनेट बैठक: 14 प्रस्तावों पर लगी मोहर

**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को लोक भवन में हुई कैबिनेट बैठक में 14 अहम प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। योगी सरकार के मंत्री जितिन प्रसाद और जय वीर सिंह ने प्रेस वार्ता कर योगी कैबिनेट के फैसले के बारे में जानकारी दी। उत्तर प्रदेश डाटा सेंटर नीति 2021 के अंतर्गत चार निवेश प्रस्तावों को प्रोत्साहनों की स्वीकृति हुआ है। सरकार के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने लोकभवन में प्रेसवार्ता कर बताया कि उत्तर प्रदेश डाटा सेंटर नीति 2021 के तहत चार निवेश प्रस्तावों को प्रोत्साहन के लिए आए प्रस्ताव को अनुमोदन मिल गया है। विभिन्न निवेशकों द्वारा 15 हजार 950 करोड़ों रुपये से अधिक निवेश से चार डाटा सेंटर पार्क की स्थापना की जाएगी। इससे लगभग 4000 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। जितिन प्रसाद ने बताया कि वर्तमान में देश का अधिकांश डाटा देश के बाहर संरक्षित किया जाता है। डाटा सेंटर क्षेत्र की महत्ता को देखते हुए राज्य सरकार जनवरी 2021 में डाटा सेंटर नीति लेकर आई। इससे राज्य में 250 मेगा वाट डाटा सेंटर उद्योग विकसित किए जाने, राज्य में 20 हजार करोड़ रुपये के निवेश और कम से कम तीन अत्याधुनिक निजी डाटा सेंटर पार्क स्थापित करने का लक्ष्य है। वित्तीय वर्ष 2022 - 23 में 35 करोड़ पौधरोपण के लिए प्रदेश के सभी शासकीय विभागों एवं अन्य को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन की पौधशालाओं से निशुल्क पौध उपलब्ध कराने को लेकर मिली स्वीकृति। सिंचाई सुविधा को आसान और कम खचीर्ला बनाने के लिए योगी आदित्यनाथ सरकार ने उत्तर प्रदेश में एक बार फिर "पर ड्रॉप मोर क्रॉप" माइक्रो इरिगेशन कार्यक्रम के तहत ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई योजना को अगले पांच वर्षों के लिए लागू करने का प्रस्ताव पास हुआ है। नगर निकाय क्षेत्र में शामिल किए गए गांव में भी स्वामित्व योजना के तहत आबादी सर्वेक्षण एवं अभिलेख के कार्य को जारी रखे जाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी मिली है। इस प्रस्ताव के पास होने से उन लोगों को घरौनी प्रमाण पत्र मिलेगा जिनका गांव शहरी क्षेत्र में शामिल कर लिया गया है। शहरी क्षेत्र में शामिल होने के बाद गांव के लोगों को घरौनी प्रमाण पत्र यानी कि स्वामित्व पाने में परेशानी हो रही थी। यूपी के पीडब्ल्यूडी विभाग और केंद्र सरकार के परिवहन,रेल के साथ अनुबंध को मुहर लगी है। मंत्री जितिन प्रसाद ने बताया कि करीब 300 ओवरब्रिज और अंडरपास हैं, जो आज उत्तर प्रदेश में हैं। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तरप्रदेश में विमानन मेंटेनेंस रिपेयर ओवरहाल हब के संबंध में प्रस्ताव पास हुए हैं। प्रदेश के अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को खाद्यान्न के लिए 3196.81 करोड़ रुपए अनुमानित व्ययभार के प्रस्ताव को मंजूरी मिली है।



# बैंकिंग क्षेत्र में हुए सुधार का सभी को मिल रहा लाभ: शाह

**अहमदाबाद/नई दिल्ली:** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बैंकिंग क्षेत्र में हुए सुधारों से देश के प्रत्येक नागरिक को बैंकिंग सेवाओं का लाभ मिल रहा है। शाह ने नई दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए द गुजरात स्टेट को-ऑपरेटिव एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट बैंक लिमिटेड (खेती बैंक) की अहमदाबाद में आयोजित 70 वीं एजीएम को संबोधित किया।

अमित शाह ने कहा कि आज भारत आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है और 25 साल बाद आजादी की शताब्दी मनाएगा। ऐसे में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सहकार से समृद्धि का संकल्प पूरे देश के सामने रखा है। मोदी ने देश की समृद्धि और आर्थिक उत्थान में योगदान देने की जिम्मेदारी सहकारिता क्षेत्र को सौंपी है। अमित शाह ने कहा कि द गुजरात स्टेट को-ऑपरेटिव एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट बैंक लि. जिसे खेती बैंक कहते हैं, उसकी स्थापना 1951 में हुई ।

और उस वर्ष में इसकी स्थापना का ऐतिहासिक महत्व भी है। आज जो जमीन के मालिक हैं, उसका मूल कारण खेती बैंक द्वारा दिया गया ऋण है और बाद में बैंक ने अनेक प्रकार के काम शुरू किए । किसान जमीनों के मालिक तो बन गए लेकिन जमीन को समतल करना, सिंचाई की व्यवस्था करनी, कुएं खोदना, खेती के लिए यांत्रिक साधन लाना, ये सब करना बाकी था।

ऐसे में खेती बैंक ने मध्यम और लंबी अवधि के लिए ऋण देने की जिम्मेदारी ली और आज गुजरात के किसानों को एग्रीकल्चर-ईन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए मध्यम और लंबी अवधि के लोन देने का काम खेती बैंक कर रहा है। इस तरह से कितने ही किसानों को साहूकारों के चुंगल से छुडाने का काम खेती बैंक ने किया है।

# धार्मिक यात्राओं में शामिल होने वाले लोगों का हो पूर्ण टीकाकरण: केन्द्र

**नई दिल्ली:** देश में कोरोना के तेजी बढ़ते नए मामलों पर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने चिंता जाहिर की है। मंगलवार को केन्द्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने राज्यों के सचिव को पत्र लिख कर धार्मिक यात्राओं में शामिल होने वाले लोगों का पूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित करने को कहा है। सचिव ने अपने पत्र में राज्यों को टेस्ट, ट्रैक, ट्रीट, टीकाकरण और कोरोना अनुरूप उचित व्यवहार का पालन करने को कहा है। आगामी दिनों में होने वाली धार्मिक यात्राओं के मद्देनजर मंत्रालय ने राज्यों को पांच सूची उपायों के साथ संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए निगरानी बढ़ाने के निर्देश भी दिए हैं।

राजेश भूषण ने पत्र में कहा कि धार्मिक और समारोह में भाग लेने वाले लोगों की आरटीपीसीआर और रैपिड टेस्ट की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। इसके साथ आयोजक बूस्टर डोज लगाने की भी व्यवस्था को सुनिश्चित करें।

# मुख्तार अंसारी को पंजाब की जेल में रखने पर विस में हंगामा

**चंडीगढ़:** उत्तर प्रदेश के गैंगस्टर मुख्तार अंसारी को पंजाब की जेल में वीआईपी सुविधाओं के साथ रखने के मुद्दे पर मंगलवार को विधानसभा में जमकर हंगामा हुआ। पंजाब के जेल मंत्री ने इस मामले में जहां एफआईआर के आदेश जारी कर दिए वहीं कांग्रेस ने गैंगस्टर लारेंस बिश्नोई के मुद्दे पर आप सरकार को घेरा। मामला बढ़ते देख विधानसभा स्पीकर ने हस्तक्षेप किया और सभी विधायकों को निर्देश दिए कि वह केवल बजट पर चर्चा करें। विधानसभा में आज से आम बजट पर चर्चा शुरू हुई है। कांग्रेस विधायक अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग द्वारा खनन का मुद्दा उठाए जाने पर खनन एवं जेल मंत्री हरजोत बैंस ने सदन में खनन पर तीन माह के भीतर किए गए कार्यों पर रिपोर्ट पेश करनी शुरू की। इस बीच हरजोत बैंस ने जेलों में किए गए बदलाव पर बोलना शुरू किया। हरजोत बैंस ने कहा कि पंजाब की पूर्व कांग्रेस सरकार ने अपने कार्यकाल में मोहाली में एक फर्जी एफआईआर दर्ज कर गैंगस्टर मुख्तार अंसारी को दो साल तीन महीने तक रूपनगर की जेल में रखा। जेल की जिस बैरक में 25 कैदी होने चाहिए थे उसमें केवल अंसारी को रखा गया और उसकी पत्नी भी साथ रही। जेल मंत्री ने आगे कहा कि जिस एफआईआर के बल पर अंसारी को रोपड़ जेल में रखा गया उसमें कभी चालान ही पेश नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने कई बार अंसारी के प्रोडक्शन वारंट जारी करवाए।



# फिर बढ़ी कोरोना की रफ्तार

**नई दिल्ली:** केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने मंगलवार को राज्यों से कहा कि आगामी त्योहारी मौसम के मद्देजनर कोविड-19 संक्रमण को कम करने के लिए परीक्षण, ट्रैकिंग, उपचार, टीकाकरण, प्रोटोकॉल की रणनीति पर ध्यान देने की आवश्यकता है। राज्यों में सामूहिक समारोहों की संभावना है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने एक बयान में कहा कि देशभर के कुछ राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में वर्तमान में कोविड मामलों में निरंतर वृद्धि देखी जा रही है। आगामी महीनों में देश के विभिन्न हिस्सों में आयोजित होने वाले विभिन्न उत्सवों के साथ-साथ यात्राओं के संदर्भ में बड़े पैमाने पर सभाएं होने की संभावना है। ऐसे आयोजनों/यात्राओं के दौरान लाखों व्यक्ति स्वयंसेवियों और समुदाय आधारित सामाजिक/धार्मिक संगठनों द्वारा व्यवस्था किए गए पड़ाव बिंदुओं के साथ सैकड़ों किलोमीटर की अंतर्राज्यीय यात्रा करते हैं।

ऐसी मंडलियां संभावित रूप से कोविड 19 सहित संक्रामक रोगों के संचरण की सुविधा प्रदान कर सकती हैं। इस संदर्भ में यह आवश्यक है कि हम केंद्र और राज्य सरकारों के सहयोगात्मक प्रयासों से अब तक प्राप्त लाभ को न खोएं और बढ़े हुए कोविड 19 संक्रमण के जोखिम को कम करने के लिए समय पर आवश्यक सार्वजनिक स्वास्थ्य कदम भी उठाएं।

**असम में सामान्य से 125% ज्यादा बारिश: नलबाड़ी में दो मंजिला बिल्डिंग बही, सड़क पर कीमोथेरेपी और प्रारंभिक निदान**

# असम में बाढ़ से मचा हाहाकार

**गुवाहाटी:** असम के कछार जिले के सिलचर कस्बे में एक कैंसर अस्पताल बाढ़ के पानी में डूब गया है। कैंसर अस्पताल के निदेशक रवि कन्नन ने कहा, कैंसर मरीजों के लिए अस्पताल एक दिन के लिए भी बंद नहीं किया जा सकता है। बाहर के मरीजों को हल्का इलाज दिया जाता था, गंभीर इलाज की जरूरत वाले मरीजों को ही अंदर रखा जाता था। हमने मरीजों को परिसर से बाहर ले जाने के लिए राफ्ट का इस्तेमाल किया।

**सड़क पर कीमोथेरेपी और प्रारंभिक निदान:** रिपोर्ट्स के मुताबिक, राज्य में बराक घाटी में स्थित 150 बेड वाला कैंसर अस्पताल व अनुसंधान केंद्र कई दिनों से पानी मे डूबे हुए हैं। स्थिति इतनी विकट है है कि मरीजों का उपचार सड़क पर ही किया जा रहा है। अस्पताल के संसाधन जुटाने वाले विभाग के प्रमुख दर्शन आर ने अपने ट्विटर हैंडल से कहा, "प्रक्रिया जो बाहर की जा सकती है, जैसे कीमोथेरेपी और प्रारंभिक निदान, हम सड़क पर कर रहे हैं जहां कम से कम जल-जमाव है।"





**नदी में डूबा पुलिस थाना:** असम में बीते एक महीने से कई जिलों में लाखों लोग बाढ़ की समस्या का सामना कर रहे हैं। वहीं कई लोगों की जानें भी जा चुकी हैं। असम के नलबाड़ी जिले में बाढ़ के कारण भंगनामारी पुलिस थाने की दो मंजिला इमारत का एक हिस्सा डूब गया है। ब्रह्मपुत्र नदी के तेज बहाव से थाना पूरी तरह से ढहकर पानी में डूब गया।

**सीएम सरमा ने किया बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा:** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बजली के भबानीपुर के बाढ़ प्रभावित इलाके चरालपारा नयापारा का दौरा किया।

# एक जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूरी तरह से पाबंदी

**नई दिल्ली:** पर्यावरण को बचाने के लिए भारत सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। पर्यावरण मंत्रालय एक जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूरी तरह से पाबंदी लगाने जा रहा है। इसमें सिंगल यूज प्लास्टिक के उत्पाद के निर्माण, आयात, निर्यात और बिक्री पर पूरी तरह से प्रतिबंध होगा। हालांकि सरकार के अहम फैसले का विरोध भी शुरू हो गया है। थर्मोफॉर्मर्स एंड एलाइड इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने सरकार के इस निर्णय का विरोध करते हुए दो टूक कहा है कि सरकार ने उनके उत्पादों के लिए कायदे तय किए बगैर पूरा प्रतिबंध लगा दिया, लेकिन मल्टी लेयर्ड पैकेजिंग को छूट दे दी।



## खबर संक्षेप

### युवक के साथ धोखाधड़ी व एससी एसटी का मुकदमा दर्ज पुलिस जांच पड़ताल में जुटी

**सोरांव।** थाना क्षेत्र के प्रसादपुर निवासी एक युवक के खिलाफ धोखाधड़ी,ठगी तथा अनुसूचित जाति, जनजाति अधिनियम अंतर्गत सोरांव थाना में मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। गौरतलब है कि सोरांव तहसील में न्यायिक कार्य कर रहे आशीष कुमार गौतम पुत्र बच्चू लाल निवासी शेखपुर थाना मऊआइमा का आरोप है कि सन 2019 में अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड में लेखपाल की जगह निकली थी। जिसको लेकर साथ में अधिवक्ता का कार्य कर रहे शिवपूजन पटेल पुत्र रामकिशुन ने मुझसे कहा कि अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड की वैकेंसी भर दो मैं उसमे सेटिंग कर दूंगा। तुम्हारा चयन हो जायेगा। मुझे ढाई लाख रुपए दे दो। अधिकारियों को देना है। बहुत लोगों की नौकरी लगवाया हूं तुम्हारी भी लगवा दूंगा। इनके झांसे में आकर आशीष कुमार गौतम ने वैकेंसी भर्ती भर दिया। और सेटिंग के लिए ढाई लाख रुपए भी शिवपूजन पटेल व उनके साथी बृजेश कुमार को दे दिए। जब पीड़ित अधिवक्ता की नौकरी नहीं लग पाई। तो पीड़ित आशीष कुमार गौतम उनसे रुपए मांगने लगे इतने में पीड़ित का आरोप है कि जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर-के उनके साथ बदसलूकी किए और रुपए ना देने की बात कहने लगे। इसको लेकर पीड़ित अधिवक्ता ने अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन को शिकायती पत्र दिया। मंगलवार को सोरांव थाने में ठगी व एससी एसटी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

# जमीनी विवाद में युवक की पीट-पीटकर की गई हत्या,परिजनों में मचा कोहराम

## सोमवार की रात डड़ीया गजाधरपुर में हुई वारदात, नामजद आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने दर्ज किया मामला

अखंड भारत संदेश

**रत्योंरा /कोरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के डड़ीया गजाधरपुर गांव में आबादी के भूमि विवाद को लेकर बीतीरात सोमवार को एक युवक की पीट-पीटकर निर्मम हत्या से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सोमवार की रात 9 बजे के आसपास घटना घटी पुलिस को सूचना मिली कि डड़ीया गांव में किसी युवक की पीट-पीटकर निर्मम हत्या कर दी गई है। जिसके बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक उक्त गांव निवासी अभिनाथ विश्वकर्मा व हजारी के बीच आबादी की भूमि व कुआं को लेकर लगभग 4 वर्ष से विवाद चला आ रहा था। आए दिन दोनों पक्षों में जमीन व कुंए को लेकर मारपीट होती थी। तहसील प्रशासन मामले का निपटारा नहीं करा सका। जिसका नतीजा रहा कि एक युवक की पीट-पीटकर निर्मम हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि आवादी जमीन का मामला दिवानी न्यायालय में भी विचाराधीन है। जानकारी के मुताबिक द्वारिका प्रसाद उर्फ भीम विश्वकर्मा पुत्र अभिनाथ विश्वकर्मा के पत्नी रीता की तबीयत सोमवार को खराब थी।



घटनास्थल पर तफ्तीश व बच्चे से जानकारी लेती पुलिस तथा इन्सेट में मृतक की फाइल फोटो

जिसके उपचार हेतु कुछ झाड़-फूंक करने वाले लोग भी घर पर आए हुए थे, किंतु आराम न मिलने पर शाम को द्वारिका अपनी पत्नी को कोराव बाजार उपचार कराने आने के लिए जैसे ही घर से तैयार हुआ वह अपनी बाइक निकाला अभी पत्नी बाइक पर बैठ भी नहीं पाई थी कि हजारी पक्ष के लोग पहले से ही घात लगाए बैठे थे और द्वारिका के ऊपर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिए। इतना ही नहीं मृतक की माता रामसती ने बताया कि बेटे को जमीन पर घसीट घसीट कर लाठी-डंडों से पीटकर निर्मम हत्या कर दी गई। रास्ते एवं घर तक में कई जगह खून के निशान भी पाए गए। इसके पूर्व फरवरी माह में भी दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही भी की थी। सोमवार शाम को दोनों पक्षों के विवाद में युवक की पीट-पीटकर हत्या से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक द्वारिका तीन भाइयों में सबसे छोटा था। दो बड़े भाई सूरत में रहकर प्राइवेट नौकरी करते हैं। जबकि द्वारिका घर पर ही खेती बाड़ी का काम करता था। सूचना पर मंगलवार को दोपहर में एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित व थाना प्रभारी धीरेंद्र सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर जानकारी व साक्ष्य जुटाते हुए परिजनों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। फॉरेंसिंग टीम ने भी घटनास्थल से जुड़े नमूने व साक्ष्य लेकर जांच हेतु भेजा है। एसपी यमुनापार जैसे ही मृतक के घर पहुंचे मृतक का 8 वर्षीय बेटा रोते हुए पूछने लगा पापा कब आएंगे जिस पर उपस्थित सभी लोग भावुक हो गए और बेटे को समझाने बुझाने का प्रयास किया। मृतक की माता रामसती ने कुल 19 लोगों को नामजद करते हुए तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने सभी नामजद आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। नामजद लोगों में मोहित लाल व नागेंद्र पुत्रगण राम सहाय आदि लोग शामिल हैं। पुलिस ने 3 महिलाओं एवं एक पुरुष तथा एक 16 वर्षीय लड़के को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुटी हुई है।

## न्यूज झरोखा

### सड़क के बीचो-बीच झूल रहा पुरैनी गांव में बिजली का तार

गत दिनों एक टाटा डीसीएम गाडी चालक करेंट की चपेट में आने से मौत हो गई थीं



**करछना।** विकास खंड करछना क्षेत्र के अंतर्गत पुरैनी हाशिमपुर मार्ग पर 11,000 विद्युत तार की सप्लाई करने वाली लाइन के खम्भे टेढे हो जाने के कारण सड़क के नजदीक नीचे लटक रहा है जिसके चलते किसी दिन बहुत बड़ी अनहोनी की आशंका ग्रामीणों ने व्यक्त की है अभी हाल में गत दिनों इसी हाईटेंशन लाइन की वजह से डीसीएम गाडी का चालक मौत का शिकार हो गया था नीचे तार झूलने से 11000 की लाइन में टच हो जाने के कारण उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई उसके बावजूद भी बिजली विभाग नींद से नहीं जागा और लोगों को मौत की दावत दे रहा है गांव के प्रधान सुरेश कुमार पांडे सहित अवधेश कुमार पांडे ने विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों का ध्यान इस ओर केन्द्रित करने तत्काल 11000 की लाइन सड़क के बीचो बीच झूल है उसे तत्काल ठीक कराए जाने की मांग की है ।

### शांति भंग में 06 नफर अभियुक्तों पर चालान




**लेडियारी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक यमुनापार के निकट निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी मेजा के निकट पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष अनिल वर्मा के नेतृत्व में थाना खीरी पुलिस से उप निरीक्षक प्रशिक्षु धर्मेंद्र प्रताप सिंह, कांस्टेबल अभिषेक यादव, नरेश चंद्र, प्रदीप यादव व महिला कांस्टेबल रोशनी मिश्रा आदि द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम उंचगांव में पारिवारिक विवाद को लेकर विवाद में 1. अफसाना बेगम पत्नी असलम मोहम्मद उम्र करीब 43 वर्ष निवासी ग्राम उंचगांव थाना खीरी प्रयागराज व द्वितीय पक्ष के 1. अहमदुन वीवी पत्नी मो० हासिम उम्र करीब 30 वर्ष नि० ग्राम उंचगांव थाना खीरी प्रयागराज व ग्राम सेमरी जिरौंहा में आये दिन सार्वजनिक स्थान पर वाद विवाद को लेकर विवाद में प्रथम पक्ष के 1. सियाराम सिंह पुत्र स्वर्गीय प्रभुनाथ सिंह उम्र करीब 50 वर्ष 2. गोविंद सिंह पुत्र स्वर्गीय प्रभुनाथ उम्र करीब 57 वर्ष निवासीगण ग्राम सेमरी जिरौंहा थाना खीरी प्रयागराज व द्वितीय पक्ष के 1. मोहन मोहम्मद हासिम पुत्र मोहम्मद इसरार उम्र करीब 32 वर्ष 2. असलम मोहम्मद पुत्र मुख्तार अहमद उम्र करीब 40 वर्ष निवासीगण ग्राम उंचगांव थाना खीरी प्रयागराज को अन्तर्गत धारा 151 सी०आर०पी०सी० में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

### घर से बिना बताए गायब हुआ अधेड़, गुमशुदगी का मामला दर्ज



**फूलपुर।** घर से बिना बताए निकले अधेड़ के वापस न लौटने से परेशान परिजनों ने कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई करने की मांग की। फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के महुलिया गांव निवासी राजेंद्र यादव 43 रविवार को घर से निकला तो वापस नहीं लौटा। शाम तक इन्तजार करने पर राजेंद्र घर नहीं पहुंचा तो परिजन परेशान हो गए। रिस्तेदारी में भी काफी खोजबीन करने पर जब कुछ पता नहीं चला तो परिजनों ने मंगलवार को फूलपुर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई करने की मांग की। गुमशुदा राजेंद्र यादव के पुत्र सुरेन्द्र कुमार ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि उसके पिता सफेद रंग का शर्ट और नीले रंग का पैंट पहनकर निकले थे। घटना से परिजनों में हड़कंप मचा है। वहीं बच्चों का भी रो रोकर बुरा हाल है।

### 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावियो की फीस में मिलेगी छूट



**झूंसी।** सरोज विद्या शंकर इंटर कॉलेज सरायतकी झूंसी में मंगलवार को बोर्ड परीक्षा में स्कूल में टॉप करने वाले छात्र छात्राओं के साथ इंटरमीडिएट में प्रयागराज जनपद में सातवां स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा ज्योति विश्वकर्मा को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के दौरान प्रबंधक डॉ दुर्गा प्रसाद मणि त्रिपाठी ने घोषणा की हाई स्कूल में 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी छात्र छात्राओं के शिक्षण शुल्क में 50% की छूट दी जाएगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी बोर्ड परीक्षा में सफल छात्र छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहां की हमें सदैव किसी भी कार्य की सफलता के लिए योजना बनाकर कार्य करना चाहिए सम्मान समारोह में उप-प्रधानाचार्य राम सिंह यादव, विजय बहादुर विश्वकर्मा, प्रवीण कुमार मिश्रा, कमलेश यादव, अरविंद त्रिपाठी, मीना धुरिया, अनामिका तिवारी, शशांक त्रिपाठी, अजय तिवारी, बृजभूषण राय, रत्नेश यादव, सूरज विश्वकर्मा, ममता मिश्रा, पूजा सिंह, पूजा शर्मा, प्रतिभा मिश्रा, दिव्या पांडे, स्नेह लता दुबे सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र छात्राएं उपस्थित रही।

# सरकार विरोधी नारा लगाने व चक्का जाम करने वाले को पुलिस ने भेजा जेल

## 11 नामजद व सौ से अधिक अज्ञात लोगों पर दर्ज है एफआईआर

अखंड भारत संदेश

**रत्योंरा।** कोरांव बाजार के गोल चौराहे पर बितेदिन सोमवार दोपहर को विभिन्न मांगों को लेकर बिना परमिशन के चक्का जाम कर रहे आदिवासी अधिकार मंच के कार्यकताओं को पुलिस ने हिरासत में लेते हुए भीड़ को तितर-बितर कर दिया था। जिसके बाद हिरासत में लिए गए लोगों के अलावा कुल 11 नामजद एवं सौ से डेढ़ सौ अज्ञात लोगों के विरुद्ध मामला पंजीकृत कर पांच आरोपियों को जेल भेज दिया गया। ज्ञातव्य हो कि आदिवासी अधिकार मंच के कार्यकर्ता हाथ में तख्तियां एवं झंडे लेकर कोरांव बाजार के चौराहे पर चक्का जाम करते हुए सरकार विरोधी नारे लगाते हुए आवागमन को बाधित कर दिया था। पुलिस की समझाने बुझाने के बाद भी चक्का जाम में शामिल लोगों के द्वारा बात न मानने पर पुलिस ने अगुवाई कर रहे लोगों को जबरन बल प्रयोग करते हुए हिरासत में ले लिया। जिसके बाद कार्रवाई करते हुए आदिवासी अधिकार मंच के प्रदेश अध्यक्ष रज्जन कुमार कोल पुत्र राम लल्लू कोल निवासी ग्राम चिराव थाना कोरांव, सोनू कुमार पुत्र राम लल्लू कोल निवासी ग्राम चिरांव थाना कोरांव, जय प्रकाश पुत्र संगम लाल निवासी ग्राम थाना खीरी लैला पुत्र बुद्धू निवासी टीकर थाना कोरांव सिद्धनाथ कोल पुत्र नचकऊ कोल निवासी टीकर थाना कोरांव को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया ।जबकि नामजद अन्य आरोपियों एवं अज्ञात लोगों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।



पुलिस की गिरफ्त में चक्काजाम व सरकार विरोधी नारा लगाने वाले

# राजस्व कर्मियों के मनमानी के कारण बढ़ रहे जमीनी विवाद

## व्यक्तिगत रंजिश में पद का दुरुपयोग कर रहा लेखपाल

**कोरांव।** तहसील कोरांव अंतर्गत विभिन्न गांवों में राजस्व कर्मियों एवं अन्य सक्षम अधिकारियों के शिथिलता और लापरवाही के कारण जमीनी विवादों में लगातार बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है यहां तक की छोटी-छोटी विवादों में भी लोगों की भारी भीड़ तहसील एवं थानों पर देखी जा रही है जिसके कारण आमजन में शासन एवं प्रशासन के प्रति उदासीनता व्याप्त हो रहा है ऐसा ही एक मामला ग्राम सभा धांव में भी देखने में आ रहा है उल्लेखनीय है कि हरिश्चंद्र सिंह पटेल पुत्र रामधनी सिंह पटेल जोकि गैर जनपद में बतौर शिक्षक तैनात है और परिवार सहित जिले पर ही निवास करते हैं वह अपने पैतृक भूमि पर सुरक्षा की दृष्टि से घर के चारों ओर बाउंड्री वाल का निर्माण करवा रहे हैं जिस पर गांव के ही इंद्रेश सिंह पटेल पुत्र वासुदेव सिंह पटेल जोकि स्थानीय तहसील क्षेत्र में ही कार्यरत है और लेखपाल संघ का अध्यक्ष है पद का दुर्पयोग करते हुए उक्त निर्माण कार्य में व्यवधान उत्पन्न कर रहा है जबकि आरोप है कि शिक्षक अपनी भूमि में निर्माण कार्य करा रहा है बावजूद इसके उक्त लेखपाल सरहंग वश नवीन परती भूमि दर्शा कर निर्माण कार्य रुकवा रहा है वही शिक्षक का कथन है की यदि नवीन परती भूमि है तो इसकी पैमाईश निष्पक्ष रूप से हो जानी चाहिए।इस प्रकरण की शिकायत पीड़ित शिक्षक ने प्रदेश के मुख्यमंत्री एवम राजस्व परिषद के सचिव से भी शिकायत की है तथा शिक्षक का आरोप है की उक्त लेखपाल गैर कानूनी ढंग से स्थानीय होते हुए भी स्थानीय तहसील में की तैनाती करा ली है जिससे गलत कार्यों में संलिप्त रहता है और अपने पद का दुर्पयोग कर रहा है। ऐसे ही कई मामले है जहां पर उक्त लेखपाल कई जगह मनमानी एवम पक्षपात पूर्ण कार्यवाही से कस्तकारो को परेशान कर रखा है वहा के लोगो द्वारा भी जिलाधिकारी प्रयागराज के यहां इसे अन्य तहसील में स्थानांतरण करने की मांग की गई है।

# यमुनापार की मशहूर गल्ला मंडी लेड़ियारी की कई वर्षों से टूटी पुलिया , रास्ता बन्द

## करोड़ों रुपए की लागत में बनाई गई गल्ला मंडी में पहुंचने हेतु किसान परेशान

**लेडियारी,।** तहसील क्षेत्र कोरांव की लेडियारी बाजार मध्यप्रदेश से सटी और शहर से 65 किलोमीटर दूर स्थित यमुनापार की मशहूर गल्ला मंडी के बदौलत अपने आप की पहचान को कायम रखा है। इलाकाई किसानों द्वारा अच्छी बेराइटी के धान की खेती करने से दूर दराज के शौकीनों का भी क्षेत्र में आना होता है। व्यावसायिक रूप से इस क्षेत्र में कई धान मीलें लगाई गई है। क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांवों से किसान उक्त गल्ला मंडी में अपना अनाज बेचने आते हैं ।गल्ला मंडी का रास्ता टूट जाने से किसानों को अपना अनाज औने पौने भाव में बेचना पड़ता है। इतना ही नहीं आस-पास बसे दर्जनों गांवों के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।



मंडी में पुलिया न होने के कारण किसानों का शोषण हो रहा है अविलम्ब पुलिया निर्माण कार्य कराया जाय।

**घीरेन्द्र शुक्ल पूर्व अध्यक्ष प्रधान संघ कोरांव**



अरुआरी, मैलहा, डीही खुर्द, लेडियारी आदि गांवो में अच्छी धान की पैदावार होती है लेकिन प्रयागराज के लेडियारी बाजार की चर्चित गल्ला मंडी में जाने वाली रास्ते की पुलिया दो वर्ष से टूट जाने से किसानों की गाढ़ी कमाई ओने पौने दामों में बिक रही है। अति शीघ्र पुलिया बनवाने की मांग की।

**रत्नाकर सिंह**

# पीएम किसान योजना में केवाईसी का डाटा किसानों का अपडेट करेंगे सहायक सचिव : विवेक कुमार मिश्रा





अखंड भारत संदेश

**करछना।** सहायक सचिव गांव में पीएम किसान योजना को और प्रभावी बनाने के लिए तथा किसानों को समय पर इस योजना का लाभ मिल सके इसके लिए करछना ब्लॉक के समस्त गांव के सहायक सचिव को प्रशिक्षण में बताया गया कि वह गांव में पीएम किसान योजना से वंचित किसानों को केवाईसी कर उन्हें अपडेट कर लाभ दिलाने का कार्य करें ब्लॉक सभागार में आयोजित सहायक पंचायत सचिवों की बैठक में जानकारी कृषि विशेषज्ञों एवं एडीओ पंचायत विवेक कुमार मिश्रा द्वारा प्रशिक्षण में दी गई , साथ ही गांवो में विकास कार्यों का पूरा रिकार्ड तैयार करने का दिशा निर्देश दिए गए इस दौरान उपस्थित सहायक पंचायत सचिवों में आदित्य तिवारी आरती कुमारी प्रीति शुक्ला , आकांक्षा पांडे ज्योति ,शुभम विश्वकर्मा, ममता, श्याम सिंह सौरभ,आकाश प्रजापति ,पूनम यादव, प्रतिभा ,सर्वेश ,अमित कुमार,संदीप सिंह आदि बड़ी संख्या में डाटा ऑपरेटर उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान खंड प्रेरक अतुल कुमार मिश्रा, दुष्यंत प्रताप सिंह, कृषि वीज भण्डार प्रभारी दशरथ यादव, कृषि विभाग के वीरेन्द्र कुशवाहा, आदि उपस्थित थे ,तथा अलग-अलग बिंदुओं पर सहायक पंचायत सचिवों को प्रशिक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

# दो साल बाद पूरी होगी बाबा बफार्नी के दर्शन की मुराद

## शंकरगढ़ से 60 शिवभक्त एक जुलाई को होंगे रवाना, तीन जुलाई को पवित्र गुफा अमरनाथ धाम का होगा दर्शन

आलोक गुप्ता

**शंकरगढ़।** नगर पंचायत शंकरगढ़ रेलवे स्टेशन से 60 से अधिक यात्री बाबा अमरनाथ धाम के लिए एक जुलाई को रवाना होंगे। कोविड की वजह से दो वर्ष बाद शुरू हुए अमरनाथ यात्रा को लेकर युवक, महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग भी उत्साहित हैं। श्रद्धालुओं ने बताया कि वे परिवार, समाज व देश प्रदेश की समृद्धि की प्रार्थना भोलेनाथ से करेंगे। महामारी के दो साल बाद यात्रा को लेकर शिव भक्तों में जबरदस्त उत्साह छलक रहा है।

श्री अमरनाथ धाम की यात्रा 30 जून से शुरू होने वाली है। 42 दिनों तक चलने वाली अमरनाथ यात्रा के लिए शंकरगढ़ से पहला जत्था 29 और एक जुलाई को रवाना हो रहा है ।पिछले एक दशक से भी अधिक समय से यात्रा पर जा रहे जितेंद्र कुमार गुप्ता उर्फ जित्तू भैया ने बताया कि एक जुलाई को शंकरगढ़ रेलवे स्टेशन से करीब 60 शिव भक्त जम्मू के लिए रवाना होंगे और जत्थे में शामिल होंगे। तीन जुलाई की सुबह बालटाल हेलीकॉप्टर से पंचतरणी और करीब पांच किलोमीटर पैदल चलकर श्री अमरनाथ गुफा पहुंचकर बाबा बफार्नी के दर्शन कर विश्राम करेंगे। चार जुलाई को बाबा अमरनाथ गुफा से बालटाल पहुंचेंगे। इसके बाद कटरा पहुंचकर माता वैष्णो देवी के दर्शन करेंगे। इस बार के जत्थे में प्रयागराज से शिवभक्त राकेश कुमार गुप्ता, नीरज गुप्ता, आलोक केसरवानी सपरिवार के साथ शंकरगढ़ से व्यापार मंडल उपाध्यक्ष जय केसरवानी, विनोद कुमार केसरवानी, सुधीर केसरवानी, विकास कुमार, प्रमोद कुमार वैश्य, मनोज वैश्य, पूर्व चेयरमैन अनुपमा वैश्य, साधना केसरवानी, गीतांजलि केसरवानी, वंदना केसरवानी, पूर्व सभासद वैशाली केसरवानी, श्वेता केसरवानी, पुष्पा केसरवानी, नेहा आयुषी, आयुष, अभी समेत 60 शिव भक्त परिवार सहित दर्शन करेंगे।

### 13600 फीट ऊंचाई पर गुफा



करीब 8 -10 साल से ज्यादा बार बाबा अमरनाथ की यात्रा कर चुके अश्विनी केशरवानी, विजय कुमार, सुजीत केसरवानी आदि बताते हैं कि समुद्रतल से 13,600 फीट ऊंचाई गुफा की लंबाई 19 मीटर और चौड़ाई 16 मीटर तथा ऊंचाई 11 मीटर है। जहां पहुंचकर एक अलौकिक शक्ति का एहसास होता है और हर बार इच्छा होती है कि बाबा का दर्शन मिले।

### प्राकृतिक बर्फ से बनता है शिवलिंग

ऐसी मान्यता है कि अमरनाथ गुफा में भगवान शिव ने माता पार्वती को अमरत्व का रहस्य बताया था। शिवलिंग का निर्माण अपने आप प्राकृतिक बर्फ से होता है। शिवलिंग चंद्रमा के घटने-बढ़ने के साथ घटता-बढ़ता है। सावन महीने के अंतिम दिन पूर्णिमा को यह पूरे आकार में आ जाता है। इसके पश्चात धीरे धीरे शिवलिंग छोटा होता जाता है।

### चंदनबाड़ी- बालटाल दो मार्ग

यात्रा के लिए दो मार्ग चंदनवाड़ी और बालटाल है। चंदनबाड़ी मार्ग से गुफा 32 किलोमीटर और बालटाल से 14 किलोमीटर दूर है।

# शुआटस केवीके में डि एस आर तकनीक द्वारा धान की गेंहूं की तरह सीधी बुवाई

अखंड भारत संदेश



**नैनी।** कृषि विज्ञान केंद्र , शुआटस , प्रयागराज में किसानों के फायदे के लिए धान की गेहूं की तरह सीधी बुवाई की तकनीक बहुफसलीय बीज बुवाई यन्त्र द्वारा शुआटस ने पहली बार अपने फार्म में परिक्षण लगाया जिस से की धान रोपाई में लगने वाली अधिक मजदूरी व समय लगने की समस्या से निदान पाया जा सके । वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ सैमुएल दीपक मैकार्टी के मार्ग दर्शन में शुआटस द्वारा सबसे पहला परीक्षण लगवाया गया । डॉ मैकार्टी का कहना है की यद्यपि बहुफसलीय बीज बुवाई यन्त्र से यह परीक्षण के रूप में लगाया जा रहा है परन्तु तकनीक को देखते व समझते हुए यह कहा जा सकता है की किसान भाई इस से लाभान्वित होंगे । कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ जी पी एम सिंह ने बताया की इस विधि में धान की प्रजाति हाइब्रिड 27 पी 33 का प्रयोग किया गया है । इस तकनीक को ऐसी ही सामान्य स्थिति में रोपाई द्वारा भी लगाया जा रहा है जिस की क्षेत्र के किसानों को प्रत्यक्ष रूप से तुलनात्मक फर्क समझ में आये । डॉ जी पी एम सिंह , का कहना है की इस विधि से बुवाई करने पर रोपाई के अपेक्षा किसानों को लगभग 70 से 75 % श्रमिक , 25 से 35 % सिंचाई के पानी व 95 % समय की बचत होती । किसानों को इस यंत्र से यह भी लाभ मिलेगा की इसी एक यंत्र से किसान भाई अन्य कई फसलों की भी बुवाई कर सकते हैं । यह योजना कृषि अनुसन्धान परिषद् , लखनऊ द्वारा वित्त पोषित है । इस परीक्षण में कॉरटीवा अग्रि साइंसेज के टीम लीडर , श्री विजय कुमार चौहान , परियोजना अधिकारी श्री विवेक चौहान व अभिषेक भारती उपस्थित रहे व उनका सहयोग रहा । कृषि विज्ञानं केंद्र के फार्म मैनेजर श्री जीतेन्द्र यादव इस पूरे परिक्षण के दौरान अपना सहयोग दिया।

## खबर संक्षेप

### सेना के हवलदार की पिस्टल घर से हुई चोरी, छुट्टी में घर आया था जवान

**प्रयागराज।** सेना के हवलदार की पिस्टल और सोने की चेन देर रात भर में रखी अलमारी से चोरी हो गई हवलदार अमित सिंह ने होलागढ़ थाने में पुलिस को तहरीर दी है , पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है । जानकारी के अनुसार अमित कुमार सिंह पुत्र वीरेंद्र प्रताप सिंह मुकुंदपुर होलागढ़ प्रयागराज के रहने वाले हैं सेना में हवलदार पद पर कार्यरत हैं 4 मई 2022 को छुट्टी पर घर आए हुए हैं पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि गर्मी अधिक होने के कारण पूरा परिवार घर के बाहर सो रहा था मंगलवार सुबह 10:00 बजे अनिल अपनी पिस्टल कारतूस को लेने घर में घुसा तो घर का नजारा कुछ अलग ही दिखा जिसमें देखा गया कि अलमारी काला कर तथा अलमारी में ही रखा गया पिस्टल वह सोने की चैन चोरों ने गायब कर दी थी होलागढ़ पुलिस ने बताया है कि तहरीर प्राप्त हुई है जांच की जा रही है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में खरीफ कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में मंगलवार को संगम सभागार में दिनांक 30 जून, 2022 को आयोजित होने वाली संयुक्त मण्डलीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी-2022 की तैयारियों की समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने खरीफ कार्यक्रम 2022 से सम्बंधी तैयारियों की प्रगति की जानकारी ली तथा कृषि निवेशों में बीज/उर्वरक/जिंक सल्फेट कृषि रक्षा रसायन, बायोपेस्टीसाइड, फसली ऋण तथा किसान क्रेडिट कार्ड की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जहां पर मृदा स्वास्थ्य कार्ड को जो डेटा है, उसके बारे में किसानों को जानकारी होनी चाहिए कि कम लागत में कैसे अधिक उपज बढ़ाया जायें। उन्होंने इसके लिए जागरूकता अभियान चलाये जाने के निर्देश दिए, जिससे कि किसानों को जानकारी मिल सके। जिलाधिकारी ने उप निदेशक कृषि से बीज की स्थिति की जानकारी लेते हुए कहा कि बीज एवं उर्वरकों की कोई कमी नहीं आनी चाहिए, ये



अधिकारियों के साथ बैठक करते जिला अधिकारी

सुनिश्चित कर लिया जाये। सभी प्रकार के बीजों पर सब्सिडी की जानकारी किसान भाईयों को होनी चाहिए। उर्वरक की समीक्षा करते हुए कहां कि जनपद में जितनी आवश्यकता है, उतना उर्वरक की उपलब्धता रहे। इसी क्रम में उन्होंने इफ्कों के प्रबन्धक से उत्पादन की जानकारी ली तथा कहां कि उर्वरक की कोई कमी न होने पाये, ये तैयारी सुनिश्चित किया जाये। नैनो उर्वरक की जानकारी लेते हुए नैनो खादों की जानकारी किसानों तक पहुचायी जाये। विद्युत नलकूप एवं नहरों के संचालन की समीक्षा करते हुए कहा कि नलकूपों में अभी तक कितने कनेक्शन बाकी है, जो भी कनेक्शन अभी बाकी है, उसे अधिशाषी अभियंता विद्युत

**बीजों पर सब्सिडी की जानकारी किसानों को होनी चाहिए, किसान क्रेडिट कार्ड में एल0डी0एम0 को 3 दिनों में रिपोर्ट प्रेषित करने के दिए निर्देश**

से कनेक्शन कराने के लिए कहा है। किसान क्रेडिट कार्ड की समीक्षा करते हुए स्थिति की जानकारी ली तथा कहा कि 3 दिनों में किसान क्रेडिट कार्ड की रिपोर्ट प्रेषित किया जाये तथा अधिकतम जो भी किसान छूटे है, उन्हें दिया जाये। जिलाधिकारी ने जैविक खेती के बारे में भी उप निदेशक कृषि से जानकारी ली। उन्होंने खरीफ-2022 में उत्पादन सुनिश्चित करने हेतु समस्याग्रस्त (बाढ़/सूखा) क्षेत्रों में परिस्थितियों के अनुरूप कार्य योजना बनायी जाये। उन्होंने कृषि यंत्रीकरण सोल फोटो वोल्टिक पम्प, वर्षा की स्थिति, पीएम किसान योजना आदि की समीक्षा की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि, उप निदेशक कृषि विनोद कुमार सहित सभी सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।



## गंगौली शिवाला पर सुरँग मिलने से मचा हड़कंप

**सीवर खुदाई का काम चल रहा था सुरँग दिखी तो मजदूरों ने काम रोक दिया**

झूंसी। गंगोली शिवाला गंगा तट के पास सीवर की पाइप डालने के लिए खुदाई का काम चल रहा था सुरँग नुमा गड्ढा दिखने से मजदूरों में हड़कंप मच गया और मजदूरों ने काम रोक दिया। मामले की जानकारी स्थानीय लोगो को हुई तो मौके पर सुरँग देखने के लिए महिला बच्चे समेत भारी संख्या में लोग पहुच रहे और लोगो में तरह तरह की चचाएँ है। झूंसी में गंगा किनारे नमामि गंगे योजना के तहत सीवर लाइन बिछाने के लिए काफी दिनों से पोकलैंड मशीन से गड्ढा खोदा जा रहा है। दो दिनों से गंगौली शिवाला के करीब खुदाई चल रही थी खुदाई के दौरान अचानक सुरँग नुमा बड़ा गड्ढा दिखा जिसमे से पानी की मोटी धार निकलने लगी जिसे देख काम कर रहे मजदूर डर गए और काम रोक मामले की जानकारी ठेकेदार को दी बताया जाता है कि ठेकेदार ने काम रुकवा दिया। वही सुरँग मिलने की जनकारी मिलने पर स्थानीय लोगो की भी भीड़ जमा हो गई। हलाकि अभी इस बात की पुष्टि नही हो सकी है कि यह सुरँग है या नही पर अफवाहों का बाजार गर्म है। सुरँग से खजाना निकलने की है चर्चा क्षेत्र में जन चर्चा है कि खुदाई में मिले सुरँग नुमा गड्ढे से से भारी मात्रा में खजाना मिला है जिसे काम कर रहे मजदूरों ने छुपाये रखा और सोमवार की रात खुदाई कर रही अपनी मशीन के साथ सभी लेबर सारा खजाना लेकर फरार हो गए। मामले की पुरातत्व विभाग व स्थानीय पुलिस को को कोई जानकारी नही है।

## आकाशीय बिजली के चपेट में आने से दस वर्षीय किशोरी की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा रोड।** मांडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंगलवार को ग्राम कोसड़ा कला में आकाशीय बिजली गिरने से किशोरी की दर्दनाक मौत हो गई।बताया जाता है। कि कुङ्क माही पुत्री संतोष कुमार 10 वर्षीय ग्राम जासा थाना विंध्याचल जिला मिर्जापुर से अपने नाना लालचंद्र (राही) निवासी कोसड़ा कला थाना मांडा प्रयागराज के घर आई हुई थी इसी बीच लगभग डेढ़ बजे आकाशीय बिजली के चपेट में आने से किशोरी की मौत हो गई।आनन फानन में ग्रामीणों ने नजदीकी स्वास्थ केंद्र में ले जाना चाहा लेकिन रास्ते में ही किशोरी ने दम तोड़ दिया जिससे मृतिका के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।किसी तरह परिजनों ने मांडा थाने सूचना दी। सूचना पाकर चौकी प्रभारी भारत गंज दुर्गेश



आकाशीय बिजली की चपेट में आई बच्ची

सिंह एस आई शरद सिंह एस आई रामायण सिंह हरे राम राय सोनम देवी के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शहर भेज दिया वही मृतिका के चाचा अशोक कुमार ने थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई।

### एटीएम कार्ड बदलकर उच्चको ने उड़ाए बीस हजार रुपए

**मेजा रोड।** मेजारोड बाजार शातिरों का अड्डा बन चुका है। एटीएम बूथों के आस पास मडराने वाले शातिर टप्पेबाजों ने एक युवक का एटीएम कार्ड बदलकर बीस हजार उड़ा दिए और फरार हो गए भुक्तभोगी के मोबाइल पर मैसेज पहुंचा तो उसके होश उड़ गए।मेजा थाना क्षेत्र के मेजारोड बाजार निवासी मोहम्मद खालिक पुत्र शब्बीर अहमद सोमवार को मेजा रोड के पटेल नगर चौराहे स्थित आईसीआईसीआई के एटीएम बूथ से पैसा निकालने के लिए पहुंचे थे।उन्होंने मशीन में कार्ड लगाकर पैसा निकालने के लिए अपना कोड डाला तो उनका एटीएम कार्ड मशीन में फस गया इसी बीच उनके पास पहुंचा और मदद का भरोसा देते हुए कार्ड को निकालकर बदल लिया कहा कि मशीन काम नहीं कर रहा शादी का भरोसा कर खाली अपने घर को जाने लगे तभी रास्ते में उनके मोबाइल पर पैसा निकलने का मैसेज आने लगा 10 मिनट के अंदर 20 ?हजार खाते से गायब हो गए। भुक्तभोगी बैंक की शाखा पहुंचकर खाते को बंद करवा दिया।तथा मेजारोड चौकी पर तहरीर देकर शातिर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। चौकी प्रभारी मेजारोड राम भवन वर्मा ने कहा कि शातिर टप्पेबाजों की सीसीटीवी फुटेज के हिसाब से तलाश की जा रही है।

# पांच दिन से कमरे में बंद युवती की लाश मिलने से हडकम्प

**डीहा में मानसिक ग्रसित परिवार में पुलिस ने कमरे में बंद अन्य मरणासन्न लडकियों को अस्पताल में भर्ती कराया**





घटना स्थल पर पुलिस व लोगों की लगी भीड।

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** करछना थाना क्षेत्र के डीहा में अभय राज यादव के घर में दस लोगों का परिवार रहता है सभी दिमागी बीमारी भूत प्रेत की बाधाओं से ग्रसित परिवार के सदस्य महीनों से गंगा जल पीकर रह रहे हैं, अभय राज के पांच बेटियां हैं क्रमशः बडी बेटी मीरा 35,रेखा 33,रिनू 28,बीनू 26, मीना 24वर्ष, लडको में आर्यन 22,मान सिंह 20,एवं ज्ञान सिंह 18वर्ष वही चार लडकियों की शादी हो गई है शादी के बाद से सभी लडकिया मायके पिता के घर डीहा में रह रही है वर्षो से और तीन बेटे हैं, पिछले एक साल से पूरा परिवार आध्यात्मिक पूजा पाठ भूत प्रेत के चक्कर में परेशान हैं मंगलवार को दोपहर अभय राज के घर से दुर्गन्ध आने से पडोसियों नें पुलिस को सूचना दी देखते-देखते गांव वालों की भारी भीड़ जुट गयी बडी मशक्कत के बाद पुलिस अंदर जाकर कयी दिनों से बंद कमरे में मृत पडी अभय राज की पुत्री बीनू लाश तक पुलिस गयी लेकिन शव से दुर्गन्ध आने से बारह निकाला नही जा सका खबर लिखें जाने तक देर शाम तक मृत युवती का शव मकान के कमरे पडा रहा वही मीना, रेखा, रिनू व अन्य सदस्यों को कमरे में हपतो से बंद रहनें से हालत गंभीर बनी हुई है तथा कुछ को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां पर आक्सीजन पर रक्खा गया है।बताया जा रहा है कि अभय राज की पत्नी की मानसिक स्थिति पिछले एक साल से ठीक नहीं है वह अक्सर अपनी बेटियों को पिटा करती थी और कमरे में बंद कर दिया करती थी।घटना के बाद पहुची करछना, औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस, सीओ राजेश यादव ने ग्रामीणो की मदद् से परिवार के बीमार अन्य सदस्यों को चिकित्सा हेतु भर्ती कराया गया है, घटना के बाद से देर शाम तक गांव में दहशत का माहौल बना हुआ था।

# नवाबगंज में अनियंत्रित होकर पलटा टैंकर ड्राइवर की हुई मौत खलासी घायल

**अखंड भारत संदेश**

**नवाबगंज।** नवाबगंज थाना क्षेत्र स्थित राजपूत ढाबा के पास मंगलवार को एक टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया हादसे में ड्राइवर की मौत हो गई, जबकि खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया । मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल खलासी को स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया है । जहां इलाज चल रहा है वही ड्राइवर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**लिंक रोड पर अनियंत्रित हुआ टैंकर :**

कौशांबी के कोखराज थाना क्षेत्र के गौरा कसया भरवारी निवासी विजय शंकर कौशल उम्र 55 वर्ष पुत्र मोतीलाल कौशल ड्राइवर था मंगलवार शाम इंडियन आयल का टैंकर लेकर कहीं जा रहा था



असंतुलित होकर पलटा टैंकर

नवाबगंज हाईवे से लिंक रोड पर उतरते समय अचानक टैंकर असंतुलित होकर पलट गया । हादसे में ट्रक ड्राइवर विजय शंकर कौशल की मौके पर ही मौत हो गई जबकि खलासी घायल हो गया हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने खलासी को तत्काल उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है वहीं पुलिस ने मृतक के पास से मिले आधार कार्ड और मोबाइल नंबर के आधार पर परिवार को जानकारी दी है परिवार के पोस्टमार्टम हाउस पहुंच चुके हैं।

## अपहरित किशोरी को पुलिस ने बरामद कर आरोपी को किया गिरफ्तार

**मऊआइमा।** दो सप्ताह पूर्व एक किशोरी को गांव का एक युवक अपहरण कर ले गया था। किशोरी के परिजन तलाश में लगे थे तभी किशोरी युवक के साथ आ गई। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया और मुकदमा दर्ज कर किशोरी को मेडिकल जांच के लिए भेज दिया। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम तेजपुर निवासी एक व्यक्ति की 17 वर्षीय पुत्री का गांव का एक युवक लगभग दो सप्ताह पूर्व अपहरण कर ले गया था। परिजन इधरउधर तलाशते रहे और लोकलाज के भय से थाने में मुकदमा नहीं दर्ज कराए। बताया गया है कि मंगलवार को युवक किशोरी को लेकर गांव में आ धमका परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी पुलिस ने किशोरी को बरामद कर उसे डाक्टरी चेकअप के लिए भेज कर आरोपी उधम सिंह पुत्र ब्रहमदीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पूछताछ कर रही है।

# राजस्व विभाग टीम पर लगा गंभीर आरोप अप्रैल माह में दर्ज हो चुका है मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** तहसील फूलपुर ग्राम सभा चंडी पट्टी का है, जहां लेखपाल महावीर व कानूनगो सूर्यमणी के खिलाफ 419/420/467/468 विभिन्न गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया, मुकदमा दर्ज होने पर लेखपाल कानूनगो बौखलाये किसानों को परेशान करना चालू कर दिया, वहीं गरीब किसानों का कहना है हम गरीब किसानों से मोटी रकम वसूला जा रहा है इतना ही नही जो पैसा देने से इंकार करता है तो उसको फर्जी मुकदमा में फंसाने की धमकी दिया जा रहा है, इस विषय में जब पत्रकार ने कानूनगो सूर्यमणी से बात किया तो वही कानूनगो सूर्यमणी चुप्पी साधे नजर आये, वहीं ग्रामीणो का कहना है प्रधान की मिली भगत से हम गरीब किसानों को परेशान किया जा रहा है और लेखपाल कानूनगो ने हम किसानो को जीना



राजस्व टीम के खिलाफ प्रदर्शन करती महिलाएं

मुहाल कर दिया है वहीं लेखपाल महावीर व कानूनगो सूर्यमणी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया, वहीं इस विषय में जब चकबंदी अधिकारी से बात किया गया तो चकबंदी अधिकारी ने बताया ये काम पुलिस का है,अब देखना यह है कि ऐसे भ्रष्ट लेखपाल कानूनगो? के खिलाफ पुलिस क्या कदम उठाती है।


# कार्यालय ग्राम पंचायत टीकर विकास खंड कोरांव प्रयागराज

**अल्पकालीन निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत टीकर विकासखंड कोरांव प्रयागराज मे वित्तीय वर्ष 2022 - 23 में मनरेगा योजना अंतर्गत काली रोड से रविंद्र के घर के पास इंटरलॉकिंग कार्य प्राथमिक विद्यालय जयकरण का पूरा में शौचालय निर्माण पंचायत भवन में कंप्यूटर एवं सीसीटीवी कैमरा आपूर्ति पंचायत भवन में सोलर इनवर्टर पैनल एवं बैटरी सहित आपूर्ति पंचायत भवन में फर्नीचर आपूर्ति ग्राम पंचायत में स्थापित हैंडपंप मरम्मत एवं रिबोर हेतु सामग्री आपूर्ति सामुदायिक शौचालय में वायरिंग एवं सौंदर्यीकरण रामायण के घर से ललन सिंह के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य सत्येंद्र के घर से राणा जी के घर तक पक्की नाली निर्माण तथा जगन्नाथ के पुल से बिंदेश्वरी के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य कराया जाना प्रस्तावित है उपरोक्त सभी कार्यों के निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत एवं आयकर दाता फर्मों से सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 11 5 2022 से दिनांक 26 मार्च 2022 तक मान्य होगी निविदा दिनांक 27 मार्च 2022 को दोपहर लगभग 1:00 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत टीकर विकासखंड कोरांव प्रयागराज पर संबंधित फर्मों के सम्मुख खोली जाएगी जिसे स्वीकृति और अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

**श्रीमती रजनी कुशवाहा**
**(ग्राम प्रधान )**
**टीकर विकास खंड**
**कोरांव प्रयागराज**

**सत्येंद्र कुमार पाण्डे**
**(सचिव /ग्राम विकास अधिकारी) ग्राम टीकर**
**कोरांव प्रयागराज**


## दो अवैध आरा मिल संचालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज दोनों गिरफ्तार

**मऊआइमा।** बिना लाइसेंस के अवैध ढंग से रात के समय आरा मिल चलाने पर वन विभाग ने दो संचालाकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम घीनपुर तिलई में अवैध ढंग से बिना लाइसेंस के रात के समय आरा मिल चलाए जाने की सूचना पर वन सेक्सन अधिकारी मसूद अहमद ने मऊआइमा थाने में अवैध संचालक राज कुमार पुत्र कालूराम ,सुधीर कुमार उर्फ मुन्ना पुत्र हरिराम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

# जनता मोदी-योगी के निरंतर कार्यो और निर्णयों की मुरीद है : प्रो.रीता बहुगुणा

**अखंड भारत संदेश**

**कौंधियारा।** भारतीय जनता पार्टी यमुनापार में 2024 में होने जा रहे लोकसभा चुनाव को लेकर बारा के कमजोर बूथों पर भी चप्पे-चप्पे कमल खिलाने को लेकर संगठन के साथ सांसद विधायक बूथों पर कार्य करने हेतू जिलाध्यक्ष विभव नाथ भारती व शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर मंगलवार को मैदा रोड़ जारी के पास एक रिसार्ट पर सांसद प्रो.रीता बहुगुणा जोशी व विधायक बारा डॉ. बाचस्पति ने पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता संग कार्यकरने की योजना बनाई। सांसद प्रो.रीता बहुगुणा जोशी ने कहा देश-और प्रदेश की जनता मोदी-योगी के निरंतर कार्यो और निर्णयों की मुरीद हैं। गांव गरीब किसान मजदूर सभी वर्गों के लिए सरकार ने अनेकों योजनाओं जन-मानस में पहुंचा रही है। इससे कोई वंचित ना रहे इसके लिए हम सभी बूथों पर जाकर

**कमजोर बूथों के मजबूती के लिए भाजपाइयों ने बैठक कर बनाई रणनीति**



सरकार की योजनाओं को बताते हुए उन्हें लाभान्वित कराकर विकास की मुख्यधारा से जोड़ेंगे। बिधायक बारा डाँ.बाचस्पति ने कहा जनता ने जिस विश्वास के साथ समग्र विकास हेतू मुझे चुना उसके लिए निरंतर प्रयास करता हूं करता रहूंगा। बारा मे कोई बूथ कमजोर ना रहे उसके लिए जनता के पास जाकर समस्याओं को सुनकर निदान करूंगा। उपरोक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी ने देते हुए बताया कि चयनित कार्यकताओं संग सांसद और विधायक भी कमजोर बूथों पर काम कर पुनः केंद्र मे भाजपा की सरकार बनाएंगे कोरांव विधानसभा के प्रमुख कार्यकताओं ने भी भाग लिया। बूथ सशक्तिकरण करण अभियान के संयोजक जिला महामंत्री राजेश शुक्ला,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शिवदत्त पटेल,अश्वनी पटेल, रमाकांत विश्वकर्मा,रामेश्वर द्विवेदी,जय सिंह पटेल,संतोष त्रिपाठी,शिवराम सिंह परिहार,चन्द्र प्रकाश त्रिपाठी,प्रकाश शुक्ल, कमलेश त्रिपाठी,अनूप केसरवानी,संत प्रसाद पांडेय, दिलीप कुमार चतुवेर्दी,मंडल अध्यक्ष अंजनी लाल,मंसुरिया दीन वर्मा, दिनेश तिवारी,उमेश शुक्ला,शतीश विश्वकर्मा,सुधाकर पाण्डेय,सुभाष सिंह,रत्नाकर सिंह,अखिलेश सिंह पटेल,सुधाकर सिंह,धर्मराज पाल आदि के साथ प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचालन जिला महामंत्री विजय शंकर शुक्ला ने किया।

## फर्जी मुकदमे व उत्पीड़न के खिलाफ आक्रोशित सपाइयों का तहसील में किया प्रदर्शन

### राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं पदाधिकारियों व नेताओं के खिलाफ फर्जी मुकदमे लिखाकर उनका उत्पीड़न किये जाने के विरोध में आक्रोशित सपाइयों ने मंगलवार को सपा जिलाध्यक्ष छविनाथ यादव तथा कुंडा विधानसभा अध्यक्ष राम अवध यादव काका की अगुवाई में तहसील परिसर में जोरदार प्रदर्शन व नारेबाजी करते हुए राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी सतीश चंद्र त्रिपाठी को सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष छविनाथ यादव के ऊपर 10 दिन के अंदर कुंडा सप्लाई इंस्पेक्टर तथा नगर के नरसिंहगढ़ मोहल्ला निवासी बुच्चा सोनकर द्वारा राजनैतिक द्वेष भावना से ग्रसित होकर फर्जी मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। इसी प्रकार कुंडा विधानसभा अध्यक्ष राम अवध यादव काका तथा उनके अधिवक्ता बेटे अखिलेश यादव पर नरसिंहगढ़ मोहल्ला निवासी सतीश मिश्रा द्वारा फर्जी मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। सभी मुकदमों की निष्पक्ष जांच कराते हुए मुकदमों को निरस्त करते हुए सपा कार्यकताओं का उत्पीड़न समाप्त कराया जाए। इसी प्रकार विधानसभा कुंडा बाबागंज के तमाम कार्यकताओं का उत्पीड़न सत्ता संरक्षण प्राप्त व्यक्तियों व नेताओं द्वारा पुलिस के माध्यम से कराया जा रहा है। उपजिलाधिकारी सतीश चंद्र त्रिपाठी ने ज्ञापन लेते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं द्वारा जो ज्ञापन सौंपा गया है, उसे राज्यपाल को प्रेषित करा दिया जाएगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष छविनाथ यादव, विधानसभा अध्यक्ष राम अवध यादव काका, जिला सचिव भागीरथ यादव, डॉक्टर सगीर अहमद, ओम प्रकाश यादव, केशव प्रसाद यादव, महात्मा देवेश जी महाराज, अवधेश बहादुर सिंह, प्रदीप सिंह, इंद्रपाल, किशन सरोज लाल, बहादुर यादव, संतोष पटेल, बंसी लाल पाल, डॉ शशांक यादव समेत बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।


एसडीएम को ज्ञापन देते सपा कार्यकर्ता।

## चार आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास को लेकर मारपीट तथा गालीगलौज का केस दर्ज किया है। कोतवाली के गोसांई का पुरवा निवासी अम्बिका प्रसाद गिरि ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती सत्ताईस जून को मेढ़ावां के रामन का पुरवा निवासी पंचलाल वर्मा पुत्र देवतादीन ने पीड़ित को धारूपुर बाजार से लौटते समय लाठी डंडे से जानलेवा हमला कर दिया। पीडित घटना में चोट लगने से बेहोश हो गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास तथा धमकी समेत कई गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है।

## शहर की मुख्य सड़क पर पैचिंग से लगा जाम

### भंगवा चुंगी से चौक तक रेंगते रहे वाहन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शहर की मुख्य सड़क प्रयागराज-अयोध्या राजमार्ग पर जगह-जगह हुए गड्ढों की पैचिंग के कार्य के चलते मंगलवार को भंगवा चुंगी से चैक घंटाघर तक वाहनों की गति न केवल धीमी हुई बल्कि दिन भर इस राजमार्ग पर जाम लगा रहा।

चार पहिया वाहनों की कतारें इतनी मंद गति से आगे बढ़ रही थी कि लोग इस उमस भरी गर्मी में बेहद परेशान हो रहे थे। बता दें कि शासन द्वारा गड्ढा मुक्त सड़कों को बरसात के पहले ठीक करने के आदेश के चलते लोक निर्माण विभाग इस हाईवे पर तेजी से पैचिंग का कार्य कर रहा है। राजमार्ग चैड़ा है लेकिन बेतरतीब ढंग से हुए गड्ढों की पैचिंग से जाम की स्थिति पैदा हुई है। काफी देर बाद पुलिस ने जाम को समाप्त कराने के लिये अपना प्रयास शुरू किया फिर भी घंटों लोग जाम में फंसे रहे।


भंगवा चुंगी से चौक के बीच रेंगते वाहन।

## मानकानुसार निर्माण कार्य न कराने पर सहायक अध्यापक निलम्बित

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रवीण कुमार तिवारी सहायक अध्यापक कंपोजिट विद्यालय सुरूवा मिश्र पुर विकास खण्ड गौरा, प्रतापगढ़ को 2020-21 में स्वीकृत विद्यालय का निर्माण प्रभारी बनाया गया था। श्री तिवारी द्वारा विद्यालय का निर्माण विभागीय मानकानुसार नहीं कराया गया जिसके कारण इन्हें आज निलंबित कर दिया गया। श्री तिवारी द्वारा डीपीसी बैंड का कार्य मानकानुसार नहीं कराया गया, नींव में चिनाई का कार्य मानकानुसार नहीं कराया गया। विभागीय आदेशो की अवहेलना किया गया, अपने दायित्व एवं कर्तव्यों का पालन नही किया गया। जिसके कारण उपरोक्तानुसार कार्यवाही की गई।

## अवैध गांजा के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़/परियावां।** थाना कोहँडौर से उ0नि0 रवि चैधरी मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना क्षेत्र के खुशहाली का पुरवा के पास से एक व्यक्ति रमेश चन्द्र मिश्रा पुत्र रामनरायण मिश्रा निवासी नरहरपुर सतेवर थाना कोहँडौर, जनपद प्रतापगढ़ को 800 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना महेशगंज पर मु0अ0सं0 150/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है। उधर परियावां प्रतिनिधि के अनुसार पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के कड़े निर्देश पर महेशगंज उ0नि0 संजय कुमार सिंह अपने हमराही के साथ क्षेत्र चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना क्षेत्र के पटना देवी मन्दिर के पास से दिनेश पाण्डेय पुत्र शिवलखन पाण्डेय निवासी पटना थाना महेशगंज के पास एक किलो 100 ग्राम अवैध गांजा व गांज बिक्री के 400 रुपये के साथ गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी करके मु0अ0सं0 164/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत करते हुए आरोपी को न्यायालय भेजा। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कम्प मचा हुआ है।

## पड़ोसी दबंग ने विकलांग को मारपीट कर किया घायल

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के परियावां निवासी राजकुमार पुत्र सुंदरलाल निर्मल (30) वर्षीय मंगलवार की सुबह घर के निर्माण के लिए चकरोट पर गिट्टी गिरवाया था जिसको लेकर दबंग परिवार के पवन कुमार निर्मल पुत्र सोहनलाल निर्मल ने राजकुमार (विकलांग) के छोटे भाई राजकपूर को कहा सुनी के दौरान मारने पीटने लगे विरोध करने पर राजकुमार को दबंग परिवार के गीता देबी, सोना देबी व पवन एकजुट होकर मारपीट कर राजकुमार को घायल कर दिया जिसके बाएं आंख व चेहरे पर मारपीट से चेहरा सूज आया था जिसे लेकर परिजन लोग थाने ले गये। परिजनों ने घटना की नामजद तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने घायल राजकुमार को उपचार के लिये सीएचसी कालाकांकर भेजा, जहाँ मेडिकल रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मारपीट का 323, 324 के तहत मुकदमा दर्ज किया। आरोपी घटना के बाद से फरार हो गया, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

## पट्टी में अराजक तत्वों ने फूंक दिया गुमटी

### रेडीगारापुर बाजार में मिठाई की दुकान जलाने का प्रयास

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** अलग-अलग घटनाओं में अराजक तत्वों ने गुमटी में आग लगा दी जिससे गुमटी व छप्पर जलकर खाक हो गया दूसरी तरफ रेडीगारापुर बाजार में मिठाई की दुकान को जलाने का प्रयास अराजक तत्वों ने किया। गुमटी व छप्पर में आगजनी के मामले में पीड़ित ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

पट्टी तहसील क्षेत्र के आसपुर देवसरा थाना अंतर्गत दयालगंज बाजार में तीबीपुर गांव के रहने वाले कमालुद्दीन ने दयालगंज-नारंगपुर मार्ग पर गुमटी व छप्पर रखकर अंडे की दुकान खोल रखी है। रात में दुकान बंद करके कमालुद्दीन घर चला गया। इसी दौरान अराजक तत्वों ने उसकी गुमटी व छप्पर में एक साथ आग लगा दी। सुबह तक इसका धुआं निकलता रहा बाद में ग्रामीणों ने गुमटी संचालक को सूचना दिया। वह मौके पर पहुंचा तब तक आग की चपेट में आकर उनकी गुमटी पूरी तरह खाक हो चुकी थी। वहीं दूसरी तरफ पट्टी कोतवाली क्षेत्र के रेडीगारापुर बाजार में वासुदेव वर्मा पुत्र राधेश्याम वर्मा निवासी पुरवा पोस्ट मीरापुर तहसील बदलापुर जनपद जौनपुर के रहने वाले ने बाजार में मिठाई की दुकान खोल रखी है। बीती रात गुमटी के नीचे घास फूस और लकड़ी रखकर गुमटी जलाने की कोशिश की गई लेकिन कोई ज्यादा नुकसान नहीं हुआ दयाल गंज बाजार में आगजनी की घटना के मामले में पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी है तो रेडीगारापुर बाजार में पीड़ित ने अभी तक सूचना नहीं दिया है।


मिठाई की दुकान के नीचे जली लकड़ी का अवशेष।

## प्लास्टिक की पन्नी के विरुद्ध नगर पालिका का जागरुकता अभियान आज से

### 29 जून से 03 जुलाई तक नगर पालिका चलाएगी अभियान

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका बेल्हा प्रतापगढ़ 29 जून से प्लास्टिक की पन्नी के विरुद्ध पांच दिवसीय जागरुकता अभियान चलाएगी। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह व अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह द्वारा बनाई गई पांच दिवसीय कार्य योजना के तहत 29 जून को कम्पनी गार्डेन में प्लास्टिक की पन्नी का इस्तेमाल न करने की महाशपथ दिलाए जाने के बाद चैक घंटाघर तक रैली निकाली जाएगी।

30 जून को संत अंथोनी स्कूल में महाशपथ दिलाये जाने के बाद अम्बेडकर चैराहा से मीरा भवन तक रैली निकाली जाएगी। एक जुलाई को बाबागंज के अटल पार्क में प्लास्टिक की पन्नी का प्रयोग न करने की शपथ दिलाये जाने के बाद बाबागंज पार्क से रेलवे स्टेशन तक रैली निकाली जाएगी।

दो जुलाई को चिलबिला के श्रीराम बालिका में लोगों को प्लास्टिक की पन्नी का प्रयोग न करने की शपथ दिलाये जाने का कार्यक्रम आयोजित है। उसके बाद बेल्हा देवी के पास सई घाट पर प्लास्टिक की पन्नी निकाली जाएगी। जागरुकता अभियान के अंतिम दिन 3 जुलाई को पूर्वान्ह दस बजे हादीहाल में शपथ दिलाने के बाद सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

## तीन आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ पीड़िता को गाली देने तथा मारपीट को लेकर केस दर्ज किया है। कोतवाली के खगईपुर रामगढ़ रैला निवासी श्याम लाल की पत्नी गंगा देवी ने दी गई तहरीर मे कहा है कि सत्ताईस जून को दोपहर गांव के बबलू की पत्नी सुमन देवी तथा विश्वम सुत पुदई व विश्राम की पत्नी हलबल ने बच्चों के विवाद में उसकी पुत्री गुड़िया को लाठी डंडे से मारापीटा। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली देते हुए शिकायत करने पर जानलेवा धमकी दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ सोमवार की रात केस दर्ज किया है।

## पूर्व मंत्री डा0 महेन्द्र सिंह के घर पर मंत्रियों का हुआ जमावड़ा

### दर्जनों मंत्रियो ने तेरहवीं में शामिल होकर दी श्रद्धांजलि

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** प्रदेश के पूर्व मंत्री डॉक्टर महेंद्र सिंह की मां इन्दुमति सिंह के निधन पर मंगलवार को प्रदेश के दोनों डिप्टी सीएम, अनेक मंत्री, सांसद सहित सैकड़ों भाजपा नेताओं ने करमाही पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान नेताओं ने पूर्वमंत्री डा0 महेंद्र सिंह के परिजनों को ढाढस बंधाया।

मंगलवार को डेढ़ बजे प्रदेश डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य तथा बृजेश पाठक हेलीकॉप्टर से करमाही आये। उनके साथ प्रदेश के संगठन मंत्री सुनील बंसल भी थे। तीनों नेताओं ने प्रदेश के पूर्व मंत्री डॉक्टर महेंद्र सिंह के आवास पर पहुंचकर उनकी माता के निधन पर गहरा शोक जताया तथा श्रद्धांजलि अर्पित किया। श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद तीनों नेता डॉ महेंद्र सिंह तथा उनके भाई विजय नारायण सिंह, नारायण सिंह, ललित नारायण सिंह तथा उनके घर के सभी सदस्यों से मिले तथा माता इंदुमती सिंह के निधन पर शोक जताते हुए उन्हें ढाढस बंधाया। प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा भी कर्मा ही गांव पहुंचकर पूर्व मंत्री डॉक्टर महेंद्र सिंह की माता के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए गहरा शोक व्यक्त किया।

इसी तरह प्रदेश के उर्जा राज्यमंत्री सोमेश्वर सिंह तोमर, राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह, राज्य मंत्री डॉक्टर लालजी प्रसाद निर्मल, दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री बौद्ध भिक्षु भदंत मित्र, पडरौना के सांसद आरपीएन सिंह, प्रतापगढ़ के सांसद संगम लाल गुप्ता, पूर्व प्रधानमंत्री अटल स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के प्रतिनिधि पीके मिश्र, पूर्वमंत्री स्वाति सिंह, पूर्व राज्य मंत्री रमाशंकर सिंह पटेल, आगरा के विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, मिर्जापुर के विधायक रामवीर सिंह, देवरिया के विधायक शलभ मणि त्रिपाठी, मऊ के विधायक रामनिवास चैहान, सरोजिनी नगर के विधायक तारकेश्वर सिंह, लम्भुआ के विधायक सीताराम वर्मा, भाजपा नेता सुरेश्वर सिंह बेदी, मथुरा के अवधेश प्रकाश शास्त्री, पूर्व विधायक बृजेश सौरभ मिश्र, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश त्रिपाठी, भाजपा नेता शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, एमएलसी सुरेश चैधरी, प्रदेश संगठन मंत्री अमरपाल मौर्य, भाजपा नेता अश्विनी त्यागी सहित सैकड़ों मंत्री तथा नेताओं ने करमाही पहुंचकर डॉ महेंद्र सिंह की मां को नमन श्रद्धांजलि अर्पित की।


डा0 महेन्द्र सिंह के घर बातचीत करते प्रदेश के दोनों डिप्टी सीएम।

## ब्रह्मदेव जागरण मंच के जिलाध्यक्ष बने पंडित श्रीप्रकाश दुबे, पंडित श्याम शंकर दुबे बने महामंत्री

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** ब्रह्मदेव जागरण मंच के जिला इकाई का गठन श्री बेल्हा देवी मंदिर प्रांगण में किया गया। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पंडित सत्येन्द्र नारायण तिवारी एडवोकेट ने 21 सदस्यीय जिला कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए सभी पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

इसमें पंडित श्रीप्रकाश दुबे को प्रतापगढ़ का जिला अध्यक्ष पंडित श्याम शंकर दुबे को जिला महामंत्री पंडित धर्मराज पाठक, पंडित प्रमोद कुमार पाण्डेय, पंडित अवधेश कुमार शुक्ला, पंडित दिनेश कुमार ओझा, पंडित रमाशंकर मिश्रा, पंडित घनश्याम मिश्र एडवोकेट को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। जबकि पंडित उमेश चंद्र मिश्र पंडित विनय कुमार मिश्र पंडित लालता प्रसाद शुक्ल पंडित घनश्याम पाण्डेय को जिला संगठन मंत्री नियुक्त किया गया। वहीं जिला प्रचार मंत्री पंडित प्रेम शंकर तिवारी, पंडित नारायण प्रसाद पाण्डेय को जिला कोषाध्यक्ष व पंडित विवेकानंद दुबे को जिला मीडिया प्रभारी का पद सौंपा गया। इसके साथ ही जिला कार्यकारिणी में छह सदस्यों में पंडित देवमणि पाण्डेय, पंडित रविशंकर मिश्रा, पंडित राम उपाध्याय, पंडित लालता प्रसाद मिश्र, पंडित अनिल कुमार शुक्ला, पंडित सुरेंद्र कुमार पाण्डेय को जिला कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया।


ब्रह्मदेव जागरण मंच के नवनिर्वाचित पदाधिकारीगण।

## दो आरोपियों के खिलाफ घर मे घुसकर मारपीट का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियो के खिलाफ घर मे घुसकर मारपीट तथा गालीगलौज व धमकी का केस दर्ज किया है। जेवई निवासी राजलाल वर्मा पुत्र तुलसीराम ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती पचीस जून को विपक्षी गांव के ही मेवालाल सुत तुलसीराम तथा संतोष कुमार पुत्र मेवालाल ने रंजिशन घर मे घुसकर उसकी पत्नी तथा बेटी को मारापीटा। आरोपियों ने पत्नी व बेटी को भददी भददी गाली देते हुए जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सोमवार की रात केस दर्ज किया है।

## समितियों पर डीएपी के न आने से किसान परेशान

### लालगंज के दस केन्द्रो पर पसरा सन्नाटा, बाजार से महंगे दामों पर उर्वरक खरीदने को मजबूर

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय विकास खण्ड की साधन सहकारी समितियों पर डीएपी खाद के न आने से किसान परेशान है। मजबूरी में लोग महंगे दामों पर बाजार से उर्वरक खरीदने को मजबूर है।वहीं कृषकों की समस्या किसी भी जिम्मेदारों को दिखाई नहीं पड़ रही है।स्थानीय विकास खण्ड में कौशिल्यापुर, रायपुर, मेढांवा, पिचूरा, गारापुर, अमांवा, शीतलमऊ, भदारीकला, बेलहा व बैजलपुर साधन सहकारी समितियों से लगभग सैकड़ो गांव के किसान जुड़े हुए है। किसानों को सुरुआत में खरीफ की फसल के लिए डीएपी खाद की सबसे अधिक जरूरत होती है। इस समय में समितियों पर डीएपी खाद न आने से किसानों को परेशानी का सामना कर पड़ रहा है। मजबूरन कृषक बारह सौ की डीएपी को बाजार मे निजी विक्रेताओं के यहां से चैदह सौ रुपए में खरीदने को मजबूर है। वह भी विश्वनीयता की कोई गारंटी भी नहीं है। क्षेत्र के प्रमोद सिंह, रामराज वर्मा, सोनू सिंह, जीतलाल, लालजी वर्मा समेत सैकड़ों किसानों का कहना है कि समितियों पर प्रतिदिन इस आशा से जाते हैं कि शायद आज खाद आ गई हो लेकिन वहां से निराश ही लौटना पड़ता है। केन्द्रो पर तैनात सचिव भी आज कल खाद आने का आश्वासन ही देते हैं। इस हालात में निजी दुकानदारों के यहां से महंगे दामों पर डीएपी खरीदना किसानों की मजबूरी है। इस संबंध में इफको एरिया मैनेजर महेन्द्र सिंह ने बताया कि डीएपी उपलब्ध है। मेरा काम पीसीएफ की गोदाम तक उर्वरक भेजवाना उसके बाद उनका काम है समितियों को भेजना।

### पीसीएफ की मनमानी से नहीं पहुँच रही किसानों तक खाद

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पीसीएफ की गोदाम पर इफको के अधिकारी द्वारा डीएपी की उपलब्धता करा दी गई है। बावजूद समितियों पर खाद नहीं पहुँच पा रही है। इसे अधिकारियों की मनमानी कहे या फिर कोई अन्य कमी। जिम्मेदारों की मनमानी के चलते किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## दो वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** थाना आसपुर देवसरा से उ0नि0 देवेन्द्र प्रताप सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 88/2022 धारा 411, 413, 414, 420, 465, 467, 468, 471 भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त धीरज गौतम पुत्र राममिलन निवासी दाऊतपुर थाना आसपुर देवसरा, जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र के दाऊतपुर तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। उधर थाना रानीगंज से उ0नि0 लालबहादुर पाल मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 146/2022 धारा 363, 366, 376 भादवि व 3/4 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त राकेश यादव उर्फ चन्दन पुत्र स्व0 शिवमूरत यादव निवासी बोर्रा थाना रानीगंज, जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र के भवानीगढ़ नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया।

## मां बेटे को पड़ोसी आरोपियों ने लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी से किया हमला

### पुलिस शिकायती पत्र लेने के बाद कर रही है मामले की जांच

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** अपने बेटे के साथ घर वापस लौट रही एक मां को विपक्षी आरोपियों ने लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी से हमला बोल दिया, जिससे मां और बेटे के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। दोनों ने डायल 112 पुलिस को सूचना दिया। सूचना पर पहुची पुलिस दोनों को पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देने की सलाह दी। पीड़ित मां अपने बेटे के साथ पट्टी कोतवाली पहुंची और मामले में शिकायती पत्र देकर आरोपियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के रमईपुर नेवादा गांव की रहने वाली गुलशन पत्नी वकील ने बताया कि सोमवार की देर शाम 7 बजे उसका बेटा अजीज खेलने के लिए गांव में गया हुआ था। गांव से उसको घर लेने के लिए उसकी मां उसे बुलाने के लिए गई रास्ते में घर के समीप उसके विपक्षी पुरानी रंजिश की वजह से घात लगाकर लाठी डंडा और कुल्हाड़ी से दोनों के ऊपर हमला बोल दिया, जिससे दोनों चीखने चिल्लाने लगे। आरोपियों ने दोनों मां और बेटे के ऊपर कुल्हाड़ी से लाठी-डंडे से हमला बोल करके दोनों को जख्मी कर दिया। अपनी जान बचाने के लिए दोनों अपने घर में भागे तो आरोपी घर में घुसकर मारपीट किये। पीड़ित मां ने तत्काल डायल 112 पुलिस को मामले की जानकारी दी पुलिस मौके पर पहुंची तो उसने कोतवाली में तहरीर देने की सलाह दी। पीड़ित मां अपने बेटे के साथ मंगलवार की दोपहर पट्टी कोतवाली पहुंची और उसने आरोपियों के खिलाफ शिकायती पत्र देकर मामले में इंसाफ की गुहार लगाई है पुलिस शिकायत लेने के बाद मामले की जांच में जुटी हुई है।

### जालसाजी का वांछित धराया

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने धोखाधडी तथा जालसाजी के मुकदमें में वांछित आरोपी को हिरासत मे लेकर मंगलवार को जेल भेज दिया। दरोगा देवीदयाल कश्यप ने गश्त के दौरान सोमवार की सुबह रामपुर कुर्मियान थाना कन्धई निवासी अफजल पुत्र असलम को लीलापुर तिराहे से धर दबोचा।

## खबर संक्षेप

### आत्महत्या के लिये दुष्प्रेरण का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना महेवघाट पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त उमाकान्त पुत्र हीरा लाल निवासी हीरागंज मजरा मवई थाना महेवाघाट को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया हैं।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 11 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना पिपरी से एक थाना मझनपुर से एक थाना करारी से चार थाना चरवा से एक थाना कोखराज से दो थाना सैनी से दो कुल 11 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय कर दिया है।

### तीन वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी थाना करारी पुलिस बल द्वारा तीन वारंटी अभियुक्त राम भवन पुत्र राम दुलारे निवासी अर्का महाबीर राजाराम पुत्र जगमोहन व कोमल पत्नी जितेन्द्र निवासीगण बरई बंधवा थाना करारी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# बड़े भाई को लाठी से पीट पीट कर उतारा मौत के घाट

## हत्या के बाद ही युवक हुआ फरार पुलिस ने किया गिरफ्तार


हत्या के बाद घटनास्थल पर पूछताछ करते थानेदार

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के अमीना गांव में मंगलवार की दोपहर घर मे सोते वक्त छोटे भाई ने अपने सगे बडे भाई को लाठी से बेरहमी से पीट दिया है जिससे उसे गंभीर चोटें लगी हैं घायल अवस्था में उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गए हैं जहां उसकी मौत हो गई है सूचना पाकर घटनास्थल पर स्थानीय पुलिस पहुंच गई है और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हत्या करने के बाद हत्यारा भाई घटनास्थल से फरार हो गया है जिसे पश्चिम शरीरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटनाक्रम के मुताबिक पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के अमीना गांव निवासी शिव मूरत केशरवानी के 3 पुत्र हैं उनका एक पुत्र प्रकाश चंद रोजी रोटी के चक्कर में अहमदाबाद में रहता है घर में अशोक कुमार केशरवानी और मोनू केसरवानी रहते हैं मंगलवार की दोपहर अशोक कुमार खाना खाने के बाद घर के भीतर सो रहा था इसी बीच मोनू केसरवानी पहुंचा और लाठी से अशोक को पीटना शुरू कर दिया लाठी की चोट से अशोक गंभीर लहूलुहान हो गया आनन-फानन में परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे इलाज के दौरान अशोक कुमार केशरवानी उम्र 40 वर्ष की मौत हो गई है हत्या करने के बाद मोनू घटनास्थल से फरार हो गया जिसे बाद में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है अशोक केसरवानी के 3 पुत्र और 3 पुत्री हैं अशोक की मौत के बाद से परिजनों का रो-रोकर हाल खराब है।


ज्ञापन सौपते किसान यूनियन नेता

# भारतीय किसान यूनियन (भानु) संगठन ने उपजिलाधिकारी का किया घेराव

कौशाम्बी भारतीय किसान यूनियन भानु संगठन के नेताओं ने संजय सिंह यादव जिलाध्यक्ष की अगुवाई में चायल तहसील के उपजिलाधिकारी का घेराव कर ज्ञापन सौंपा है जिलाध्यक्ष ने जानकारी दिया कि दिनांक 13 जून 2022 को ज्ञापन के माध्यम से उपजिलाधिकरी और बीडीओ नेवादा को अवगत कराया गया था कि ग्राम बल्हेपुर में दबंग द्वारा हैंड पंप में मोटर डाल कब्जा कर लिया गया है।15 दिन बीतने के बाद भी बिकास खण्ड अधिकारी नेवादा दबंग के खिलाफ कोई कार्यवाही नही किया बिकास खण्ड अधिकारी नेवादा के झूठे अस्वासन के कारण मजबूरन किसान यूनियन को यह कदम उठाना पड़ा।आज दिनांक 28 जून को जिलाध्यक्ष संजय सिंह यादव के अगुवाई में तमाम किसान चायल तहसील में अनिशिचतकालीन धरने पर बैठ कर उपजिलाधिकारी का घेराव करने लगे धरने के लगभग 3 घंटे बाद उपजिलाधिकारी एवं वी डी ओ नेवादा धरने पर बैठे किसानों के पास आये और समस्या को सुना जिलाध्यक्ष संजय ने कहा कि जब तक दबंग के खिलाफ कार्यवाही नही होगी हम किसान यहाँ से नही उठें गे उपजिलाधिकारी ने तत्काल वीडीओ नेवादा को आदेशित किया कि तत्काल मौके पर जाकर हैंड पंप को दबंग से मुक्त करवाइये जब तक कार्य नही हुआ तब तक किसान यूनियन के कार्यकर्ता धरने पर बैठे रहे उप जिलाधिकारी ने जब जानकारी दिया कि हैंड पंप किसानों के लिये दबंग से मुक्त करा दिया गया है तब जाकर धरना समाप्त हुआ इस मौके पर उपजिलाध्यक्ष राजू सिंह यादव,तहसील अध्यक्ष फिरोज अहमद,जिला महासचिव उदय सिंह यादव,रामलाल युवा तहसील अध्यक्ष,रामकुंजन पटेल,रामबाबू,महिला ब्लॉक अध्यक्ष सुनीता देवी,कमलेश राव,रामजतन पाल,एवं जिला मीडिया प्रभारी राजू सिंह के साथ किसान यूनियन के तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पत्रकारों ने बैठक कर बनाई रणनीति

## भारतीय पत्रकार संघ और कौशांबी न्यूज रिपोर्टर क्लब के सदस्य हुए एकत्रित


बैठक के बाद बाहर निकलते पत्रकार

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** पत्रकारों पर बढ़ते अत्याचार जुल्म ज्यादती से आक्रोशित पत्रकारों ने आज जनपद मुख्यालय मंझनपुर के समदा रोड में एक बैठक की है बैठक में पत्रकारों ने निष्पक्ष खबर लेखनी पर कुठाराघात पर गहरी चिंता व्यक्त की है और कहा कि यह समाज और देश के लिए शुभ संकेत नहीं है इस मौके पर उपस्थित पत्रकारों ने कहा कि सत्य खबर लिखने पर कलम की आवाज दवाई जाती है अधिकारी और नेता सच्चाई स्वीकार नहीं कर पाते हैं और सत्य खबर लिखने वाले पत्रकारों को वह अपना विरोधी मानने लगते हैं जिससे पत्रकारों का उत्पीड़न शुरू हो जाता है पहले भी सत्य खबर लिखने पर कई पत्रकारों का उत्पीड़न जिले में हो चुका है पत्रकारों ने कहा कि निष्पक्ष लेखनी पर कुठाराघात करने का प्रयास करने वालों के मंसूबे को सफल नहीं होने दिया जाएगा पत्रकारों की निष्पक्ष लेखनी समाज को दिशा देती रहेगी। इस मौके पर उपस्थित पत्रकारों ने कहा कि कुछ कथित पत्रकार अधिकारियों को गुमराह कर अपना उल्लू सीधा करते रहते हैं और अधिकारी भी कथित पत्रकारों के बातों में उलझ कर सत्य खबर लिखने वाले पत्रकारों को विरोधी मान लेते हैं इस मौके पर उपस्थित पत्रकारों ने एक स्वर से कहा है कि समाज को सही दिशा देने के लिए निष्पक्ष तरीके से लेखनी चलती रहेगी उसे दबाने का प्रयास करने बालों के मंसूबे सफल नहीं होने दिए जाएंगे बैठक में कौशांबी न्यूज रिपोर्टर क्लब के संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार रामबदन भार्गव जिला अध्यक्ष मोअज्जम खान भारतीय पत्रकार संघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री और कौशाम्बी न्यूज रिपोर्टर क्लब के जिला महामंत्री सुशील केसरवानी एनडी तिवारी, पवन मिश्रा, गणेश साहू, फैज अहमद, आर्यवीर, चंद्रभान, बृजेंद्र कुमार केसरवानी, सुशील कुमार मिश्रा, राजकुमार, विजय कुमार, निरंजन कुमार, राकेश दिवाकर, विष्णु सोनी, राजू पाण्डेय अजीत कुमार, अरविंद कुमार, अनिल कुमार, सियाराम, शिव कुमार, राहुल कुमार, अंकित गुप्ता, सौरभ कुमार मिश्रा रमेश त्रिपाठी सहित तमाम पत्रकार मौजूद रहे।

## पानी ना बरसने से आम जनता किसान बेहाल

**कौशाम्बी।** जून का महीना समाप्त हो रहा है लेकिन बारिश नहीं शुरू हुई है जिससे एक तरफ तपन बढ़ गई है तो दूसरी तरफ किसानों के सामने समस्या खड़ी हो गई है कैसे पानी बिना फसल की बुवाई होगी पानी ना बरसने से आम जनमानस के साथ-साथ किसान परेशान हैं बारिश के ना होने से किसानों का मनोबल गिर रहा है 15 से 20 जून के बीच पानी बरस जाता था लोगों को उम्मीद थी कि 15 से 20 जून के बीच बरसात होगी लेकिन जून का महीना बीत रहा है किंतु अभी तक आसमान में एक भी बादल नहीं दिख रहे हैं जिससे बारिश नहीं हो पा रही है ऐसे गर्म मौसम से व्याकुल आमजन और किसान उम्मीद भरी निगाह से आसमान की ओर देख रहे हैं आम जनमानस और किसान बारिश की आशा करते हैं लेकिन उनके उम्मीद पर पानी फिर गया है अब कब तक बरसात होगी इसे लेकर किसान चिंतित है।

## न्यूज झरोखा

### अग्नि सचेतक योजना के लाभार्थियों को दिया गया प्रमाण पत्र



**कौशांबी।** अग्नि विभाग द्वारा अग्नि से बचाव के बारे में अग्नि सचेतक योजना के तहत सैकड़ों युवकों को प्रशिक्षण दिया गया है प्रशिक्षण पूर्ण हो जाने के बाद प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके लोगों को मंगलवार को पश्चिम शरीरा फायर सर्विस स्टेशन में प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किया गया है इस मौके पर सीएफओ अशोक गौतम फायर सर्विस स्टेशन प्रभारी अशोक यादव थाना अध्यक्ष भवानी सिंह सहित इलाके के तमाम गणमान्य लोग लोग मौजूद रहे गौरतलब है कि गर्मी के मौसम में अग्निकांड की घटनाएं बढ़ जाती हैं जिससे अग्निकांड की घटनाओं को कैसे रोका जाए और अग्निकांड की घटनाओं पर कैसे नियंत्रण पाया जाए इसके तौर-तरीकों पर अग्निशमन दल के लोगों ने क्षेत्र के लोगों को प्रशिक्षित किया है जिससे अग्निकांड की घटना होने पर गांव ग्रामीण क्षेत्र में अनुभवी लोग आग बुझा कर जनधन के नुकसान को बचा सके फायर स्टेशन पश्चिम शरीरा के प्रभारी अशोक यादव के नेतृत्व में पश्चिम शरीरा में प्रशिक्षण का कार्यक्रम चला जहां युवकों को विभाग के लोगों द्वारा प्रशिक्षित किया गया है

### खबर का हुआ असर वर्षो बाद सफाई शुरू



**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के खल्लाबाद मोहल्ले में डाड बाबा मंदिर से लेकर पूरे खल्लाबाद में वर्षो से नाली की साफ सफाई नहीं हुई थी जिससे नाली बजबजा रही थी और बदबूदार पानी पीने को नगर के लोग मजबूर थे नगर पालिका की अवस्था की जानकारी मिलने पर अखंड भारत संदेश समाचार पत्र ने अपने समाचार पत्र में नगर वासियों की समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया जिस पर नगर पालिका प्रशासन कुम्भकर्णीय नींद से जागा और मोहल्ले की साफ सफाई शुरू करा दी है नगर पालिका परिषद भरवारी के सफाई कर्मियों द्वारा खल्लाबाद मोहल्ले में सफाई होते देखकर लोगो मे खुशी दिखाई पड़ रही है।

### हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर सौरई बुजुर्ग में घर बैठकर की जा रही नौकरी




**कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के कड़ा विकासखंड अंतर्गत स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से चौपट है विभागीय अधिकारियों का अंकुश चौपट स्वास्थ्य ब्यवस्था पर नहीं लग पा रहा है कर्मचारी घर बैठ कर नौकरी कर रहे हैं और मरीज सेंटर में दौड़ दौड़ कर परेशान हो चुके हैं ताजा मामला हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर सौरई बुजुर्ग का है इस सेंटर में ताला बंद करके कर्मचारी फरार रहते हैं गांव में सेंटर होने के चलते स्वास्थ्य अधिकारियों की भी नजर इस सेंटर पर नहीं पहुंच पाती है जिसके चलते सेंटर में तैनात कर्मचारी घर बैठकर विभाग की नौकरी कर रहे है इलाके के लोगों ने चौपट स्वास्थ्य व्यवस्था की ओर शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया है।

### पत्रकारों के ऊपर लगातार मुकदमे दर्ज किए जाने और उत्पीड़न को लेकर पत्रकारों ने जाहिर की चिंता

**कौशाम्बी।** जिला मुख्यालय स्थित विकास भवन सरस भवन में आज मान्यता प्राप्त पत्रकार संवाददाता समिति की मासिक बैठक रामबदन भार्गव की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में समिति के चुनाव 2022 के संबंध में विचार विमर्श किए गए बैठक में लगातार पत्रकारों का हो रहे उत्पीड़न एवं फर्जी मुकदमा दर्ज किए जाने के संबंध में चिंता जाहिर की बैठक में पत्रकारों का 5 लाख का स्वास्थ्य बीमा स्वीकृत किए जाने मान्यता प्राप्त पत्रकारो को ट्रेन में पहले जैसे निशुल्क यात्रा की सुविधा बहाल किए जाने के संबंध में जिलाधिकारी के माध्यम से पत्राचार किए जाने का निर्णय लिया गया मान्यता प्राप्त पत्रकार संवाददाता समिति के अध्यक्ष राम बदन भार्गव ने कहा पत्रकारों को सकारात्मक पत्रकारिता ध्यान में रखते हुए निष्पक्ष और प्रमाणित खबरों को प्रकाशित करना चाहिए प्रत्येक दशा में संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए पत्रकारों को अनुशासित रहने की आवश्यकता है बैठक में मो0 जमशेद मोअज्जम खान जयशंकर गुप्ता अतहर हुसैन अनुराग शुक्ला सचिदानंद कृष्णमणि महेंद्र मिश्रा मो0 अलीम सुनील पांडेय रमेश त्रिपाठी सच ज्ञान द्विवेदी अंजनी पांडेय उपस्थित रहे।

### अधिवक्ता पुत्र के निधन पर शोक में डूबे रहे अधिवक्ता

**कौशांबी।** जनपद न्यायालय के अधिवक्ता शिव नारायण त्रिपाठी के पुत्र दिल्ली में रहते थे अधिवक्ता के पुत्र अचानक बीमार हुए और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई है मंगलवार की सुबह अधिवक्ता पुत्र का शव जैसे ही गांव पहुंचा कोहराम मच गया अधिवक्ताओं को भी मामले की जब जानकारी हुई तो जनपद न्यायालय के सैकड़ों अधिवक्ता शोकाकुल परिवार में शामिल होने पहुंचे और नाम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की है जैसे ही अधिवक्ता के पुत्र के मौत की जानकारी मॉडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं को हुई अधिवक्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई मंगलवार को कचहरी स्थित 48 खम्भा परिसर में अधिवक्ताओं ने मॉडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनु देव त्रिपाठी की अध्यक्षता में एकत्रित हुए और अधिवक्ता पुत्र के निधन पर दुख व्यक्त किया है 2 मिनट का मौन रखकर अधिवक्ताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना ईश्वर से की है इस मौके पर मॉडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता नर नारायण मिश्रा महामंत्री तुषार तिवारी ज्ञानेंद्र नारायण शुक्ला बालेंद्र धर द्विवेदी लखनलाल अजय पांडे गोपाल शुक्ला केके यादव बसंत सिंह सहित तमाम अधिवक्ता उपस्थित रहे।


ज्ञापन सौंपते समर्थ किसान पार्टी नेता

# एआरटीओ कार्यालय में व्याप्त भ्रटाचार को लेकर होगा आंदोलन : अजय सोनी

## सकिपा ने जिला परिवहन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर दलालों पर कार्यवाही करने की उठाई मांग

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी ने जनता द्वारा मिल रही भ्रष्टाचार की तमाम शिकायतों को लेकर जिला परिवहन अधिकारी को मंगलवार को ज्ञापन सौंपा। पार्टी नेता अजय सोनी के साथ कई कार्यकताओं ने उपसंभागीय परिवहन कार्यालय मंझनपुर जाकर जिला परिवहन अधिकारी तारकेश्वर मल्ल को विभाग में व्याप्त भ्रटाचार को लेकर ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में विभाग में व्याप्त भ्रटाचार पर रोक लगाने ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए शासकीय नियमावली का पालन करने, फिटनेस एवं ट्रेनिंग सर्टिफिकेट समेत कई अन्य आवश्यक प्रपत्रों के नाम पर अवैध वसूली बन्द करने, ड्राइविंग लाइसेंस के नाम पर विभाग के बाबुओं एवं बाहरी दलालों द्वारा अवैध वसूली बन्द करने जैसी मांगे शामिल थीं। इसके पूर्व कार्यकताओं से वार्ता करते हुए अजय सोनी ने आरोप लगाया कि विभाग में व्यापक रूप से भ्रटाचार व्याप्त है और लोग बिना चढ़ावा के कोई काम नहीं करवा पाते। आगे कहा कि विभागीय कार्यालय के बाहर और अंदर दलालों का जमावड़ा लगा रहता है और आम जनता का भारी आर्थिक शोषण किया जा रहा है। ज्ञापन के माध्यम से अजय सोनी ने कहा कि जल्द ही विभागीय भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लगाया गया तो समर्थ किसान पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता विभागीय कार्यालय में धरना प्रदर्शन करने को विवश होंगे। इस अवसर पर अजय सोनी के साथ राजू सोनकर, भगवानदीन वर्मा, अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायतों के सचिव का मेरिट के आधार पर डीएम सीडीओ ने किया स्थानान्तरण

## ग्राम पंचायतों के 120 सचिव का किया गया स्थानान्तरण 13 सचिव, ग्राम पंचायतो का स्थानान्तरण एक विकास खण्ड से दूसरे विकास खण्ड में किया गया


सचिव के ट्रांसफर की बैठक करते डीएम सीडीओ

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** शासन द्वारा जारी ट्रान्सफर नीति के अनुपालन में जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी शशिकान्त त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी विजय कुमार एवं जिला पंचायत राज अधिकारी बाल गोविन्द श्रीवास्तव की उपस्थिति में उदयन सभागार में कुल 120 सचिव, ग्राम पंचायतों का स्थानान्तरण किया गया। सभी सचिव, ग्राम पंचायत का 06 श्रेणियां में यथा-ग्राम पंचायतवार व्यक्तिगत शौचालय, सामुदायिक शौचालय, ग्राम पंचायत सचिवालय, पंचायत सहायक-कम-डाटा इंट्री ऑपरेटर के चयन, प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री आवास एवं मनरेगा में किये गये कार्यों का लक्ष्य के सापेक्ष प्रतिशत का औसत तैयार कर मेरिट के आधार पर रैंकिग बनाकर पारदर्शी तरीके से उनकी इच्छानुसार चयनित क्लस्टर को आवंटित किया गया, जिसमें 13 सचिव, ग्राम पंचायतो का स्थानान्तरण एक विकास खण्ड से दूसरे विकास खण्ड में किया गया है। शासन द्वारा जनपद में कुल 172 क्लस्टर निर्धारित किये गये हैं।मुख्य विकास अधिकारी द्वारा स्थानान्तरित सचिव, ग्राम पंचायतों को स्थानान्तरण आदेश दिया गया। उन्होंने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को स्थानान्तरित कर्मचारियां को 03 दिन के अन्दर कार्यमुक्त करने के निर्देश देते हुए कहा कि 03 दिन के अन्दर कार्यमुक्त नहीं किये जाने पर सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जायेंगा। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को अधिकतम 10 दिन के अन्दर समस्त ग्राम पंचायतों का प्रभार आदान-प्रदान सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं इस अवसर पर परियोजना निदेशक जर्नादन सिंह सहित सभी सचिव, ग्राम पंचायत उपस्थित रहें।

# शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के सीडीओ ने दिए निर्देश

## मुख्य विकास अधिकारी ने की आईजीआरएस के सम्बन्ध में बैठक


आईजीआरएस की बैठक करते सीडीओ

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी शशिकान्त त्रिपाठी द्वारा उदयन सभागार में आई0जी0आर0एस0 के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक की बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने विभागवार लम्बित आई0जी0आर0एस0 शिकायतों की समीक्षा के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों को कल दिनांक 29 जून 2022 तक सभी लम्बित शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारित करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि आई0जी0आर0एस0 पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप किया जाय। उन्होंने सभी अधिकारियों को शिकायतों का निस्तारण समयान्तर्गत करने एवं गुणवत्ता पूर्ण विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि टाइप आख्या ही अपलोड किया जाय। उन्हांने सभी अधिकारियों से कहा कि प्रतिदिन नियमित रूप से आई0जी0आर0एस0 पोर्टल को चेक कर शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाय तथा दूरभाष पर शिकायतकर्ता से वार्ता भी किया जाय इस अवसर पर सभी उप जिलाधिकारीगण, जिला विकास अधिकारी विजय कुमार एवं जिला पंचायत राज अधिकारी बाल गोविन्द श्रीवास्तव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### भूमि धरी जमीन पर दबंग कर रहा जबरन कब्जा

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** कोखराज थाना अंतर्गत मूरतगंज चौकी क्षेत्र के छोटी धन्नी में भूमि धरी जमीन पर दबंग जबरन कब्जा कर रहा है उप जिला अधिकारी को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में मान सिंह पुत्र सरजू ने बताया कि उनका पड़ोसी रामसूरत पुत्र राम सजीवन निजी जमीन जबरिया कब्जा कर रहा है शिकायतकर्ता ने एसडीएम से कब्जा धारक के कार्यो को रोकने की गुहार लगाई है शिकायतकर्ता की बातों को सुनने के बाद उप जिलाधिकारी ने चौकी इंचार्ज मूरतगंज को जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया मूरतगंज चौकी इंचार्ज ने जांच पड़ताल कर-के अवैध कब्जा हटवाने का आश्वासन शिकायतकर्ता मानसिंह को दिया है।

**चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही :**

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो-पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले वाहनों का 187 ई-चालान किया गया व 05 वाहन का चालान कर 2500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

# सैयद सरावा चौकी क्षेत्र बना अवैध कारोबार का गढ़!

## आधा दर्जन से अधिक गांवों में प्रतिदिन धधकती है अवैध शराब की सैकड़ों भट्ठियां

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के सैयद सरावा चौकी अंतर्गत अवैध कारोबार बड़ी तेजी के साथ फल - फूल रहा है और जिम्मेदार अधिकारी हांथ पर हांथ रखकर बैठे हुए हैं। इस चौकी क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक गांव कूड़ापुर, नया तालाब, फरीदपुर, सैयद सरावा, डिहवा, चिल्ला शाहबाजी दलियानपुर सहित आदि गांवों में अवैध शराब की सैकड़ों भट्ठियां प्रतिदिन धड़ल्ले से धधक रही है।

जिम्मेदार अधिकारी अवैध कारोबार रोकने के बजाए हिस्सा वसूल करने तक सीमित रह गए हैं। जहरीली शराब का सेवन कर लोग अपनी जिंदगी को मौत के मुहाने पर ले जाने में अग्रसर हैं। यह सभी अवैध कारोबार सैयद सरावा चौकी में तैनात एक सिपाही के संरक्षण में हो रहा है। फरीदपुर गांव में प्रतिदिन महुवारी बाग में लाखों रुपए की जुआ भी होती है और इस जुए की फड़ से किसी तिवारी के द्वारा प्रतिमाह अवैध वसूली की जाती है और यह रकम कहां तक पहुंचाई जाती है जो बड़ी जांच का विषय है। चौकी पुलिस की मिलीभगत से रात के अंधेरे में खनन माफिया जेसीबी द्वारा सरकारी जमीन तालाब से अवैध खनन करने लग जाते हैं और सुबह होते ही गायब हो जाते हैं। सैयद सरावा चौकी में तैनात एक सिपाही के संरक्षण में तमाम अवैध कारोबार पनप रहे हैं और जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदकर अवैध कारोबारियों को खुली छूट दे रखे हैं।

## कोर मसल्स की स्ट्रेंथ बढ़ाने के लिए करें ये एक्सरसाइज, बॉडी को मिलेगा परफेक्ट शेप




दिनभर के सामान्य कार्यों को करने के लिए आपके कोर का मजबूत होना बहुत आवश्यक है। कोर आपके शरीर के सभी मूवमेंट्स को समर्थन प्रदान करता है। सिर्फ वर्कआउट के दौरान ही नहीं, दिनभर के कई अन्य कार्यों को कुशलतापूर्ण करने के लिए भी आपको अपने कोर को मजबूत बनाना जरूरी है। क्योंकि मजबूत कोर आपके शरीर को बेहतर संतुलन बनाने में मदद करता है। जिम में वजन उठाने से लेकर सूटकेस उठाने तक आपका कोर सभी भारी कामों में अहम भूमिका निभाता है। मजबूत कोर आपकी रीढ़ को मजबूत बनाने में मदद करता है, क्योंकि आपके कोर में कई मांसपेशियां शामिल होती हैं जैसे पीठ, एब्स, ग्लूट्स आदि।

अब सवाल यह उठता है कि कोर की मांसपेशियों को बढ़ाने, टोन करने और मजबूत बनाने के लिए आप क्या कर सकते हैं? कोर को मजबूत बनाने का सबसे आसान तरीका है नियमित एक्सरसाइज करना। कुछ एक्सरसाइज का रोजाना अभ्यास टोंड और मजबूत कोर प्राप्त करने में आपके लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। इस लेख में हम आपको कोर की मांसपेशियों को बढ़ाने और मजबूत बनाने के लिए 4 एक्सरसाइज बता रहे हैं।

**1. क्रंचेस (Crunches)**

पेट की चर्बी कम करने के लिए यह एक बेहतरीन व्यायाम है। यह आपके पेट की मांसपेशियों पर फोकस करता है। यह आपकी पीठ की मांसपेशियों को टोन करने में भी मदद करता है।

**कैसे करें ( How To Do Crunches)**

क्रंचेस करने के लिए आपको पीठ के बल लेटना है और घुटनों को ऊपर उठाना है। जिससे कि आपके पैरों का आकृति एक पहाड़ की तरह बन जाए। आपको अपने पैरों को जमीन पर मजबूती से टिकाना है। उसके बाद अपने हाथों को अपने सिर के पीछे रखें। अब अपने शरीर को घुटनों की ओर आगे बढ़ाएं या एक समकोण पर उठाएं। इसे 20-25 बार दोहराएं।

**2. साइड क्रंचेस (Side crunches)**

साइड क्रंचेस भी आपकी पेट की मांसपेशियों को टारगेट करते हैं और आपके कोर को मजबूती प्रदान करती हैं। यह रेगुलर क्रंचेस से थोड़ा अलग है।

**कैसे करें ( How To Side Crunches)**

इसमें आपकी पोजीशन रेगुलर क्रंचेस की तरह ही होती है। लेकिन इसमें आपको अपने शरीर को आगे बढ़ाने के बाद दाएं-बाएं घुमाना होता है। बस अपने पैरों को मजबूती से टिकाए रखें और इसे 20-25 बार दोहराएं।

**3. प्लैंक्स (Planks)**

यह कोर की मांसपेशियों को टोन करने के लिए एक बेहतरीन व्यायाम है। प्लैंक्स का अभ्यास करने से आपके पेट के निचले हिस्से पर दबाव पड़ता है। जिससे यह पेट की चर्बी को कम करने और मांसपेशियों को बढ़ाने में मदद करता है।

**कैसे करें ( How To Do Planks)**

सबसे पहले आप पुशअप की पोजीशन में आ जाइए। अब अपने पैरों को करीब एक फीट ऊंची मेज या किसी तख्त पर रखें।ध्यान रहे कि इस पूरी प्रक्रिया के दौरान आपके कूल्हे और पीठ नीचे की ओर झुकें नहीं।10 सेकंड तक इसी पोजीशन में बने रहें। फिर ब्रेक लें और 20 सेकंड तक प्लैंक में रहें। गर्भवती महिलाएं प्लैंक करने से बचें।

# अखिलेश क्यों अपने पारिवारिक गढ़ भी हार गये? मायावती हार के भी कैसे जीत गयीं?

समाजवादी पार्टी को एक बार फिर मुंह की खानी पड़ी। इससे भी बड़ी हकीकत यह है कि अपने आप को मुसलमानों का रहनुमा समझने वाले आजम खान को रामपुर के वोटरों ने ठेंगा दिखा दिया तो आजमगढ़ में अखिलेश यादव की जैसी दुर्गति हुई, वह अकल्पनीय रही। आजमगढ़ में जिस तरह से बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी ने मुकाबले का त्रिकोणीय बना दिया, वह न केवल रोचक रहा बल्कि यह बात भी जोर पकड़ने लगी है कि बहुजन समाज पार्टी को जो समाजवादी बीजेपी की बी टीम साबित करने में लगे थे, अबकी से उनके भी अरमानों पर पानी फिर गया। क्योंकि 'कांठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती' है। विधान सभा चुनाव के समय समाजवादी पार्टी के इस झूठ पर जिन मुस्लिम वोटरों ने भरोसा करके बसपा से किनारा कर लिया था, वह मुस्लिम वोटर लोकसभा उप-चुनाव में फिर से बसपा के साथ खड़े नजर आए, इसीलिए सपा आजमगढ़ हार गई तो रामपुर में एक मुस्लिम नेता ने ही अपने समर्थकों से भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील कर दी, जिसका बीजेपी को भरपूर फायदा मिला। मतलब साफ है कि अब मुसलमानों का समाजवादी पार्टी से विश्वास उठने लगा है। यह विश्वास इस उप-चुनाव में इसलिए और तार-तार हो गया क्योंकि दोनों मुस्लिम बाहुल्य सीटें जहां लोकसभा चुनाव प्रतिष्ठा का प्रश्न बना था, वहां अखिलेश यादव ने अपनी 'चुनावी सेना' को मैदान में अकेले छोड़ दिया। दोनों ही सीटों पर एक बार भी अखिलेश प्रचार के लिए नहीं गए तो यूपी के सीएम ने इसे जनता और खासकर मुसलमनों के बीच ही बड़ा मुद्दा बना दिया। यह और बात है कि समाजवादी पार्टी अपनी कमजोरियों को पहचानने की बजाए पुराना राग अलाप रही है कि सरकारी मशीनरी ने उसको हरा दिया, लोकतंत्र ठोकतंत्र बन गया।

माना जा रहा है कि सपा और भाजपा के बीच सीधे मुकाबले में भगवा दल की जीत के पीछे कि जो मुख्य वजहें हैं। उसमें एक तो भाजपा ने दोनों ही सीटों पर पिछड़े समाज का उम्मीदवार उतारा था, वहीं रामपुर में बसपा के दलित वोट पूरी तरह से भाजपा के पक्ष में शिफ्ट हो गया। इतना ही नहीं रामपुर में तो कांग्रेस नेता नवाब काजिम अली खान ने वोटरों से भाजपा को समर्थन का ऐलान कर दिया, जबकि कांग्रेस ने आजमगढ़ की तरह यहां भी सपा के समर्थन में अपना प्रत्याशी नहीं उतारा था। यदि बात 2014 के लोकसभा चुनाव के आंकड़ों की करें तो इसमें सच्चाई भी जान पड़ती है। 2014 में भाजपा के नेपाल सिंह को 3 लाख 58 हजार मत मिले थे, जबकि सपा के नसीर अहमद को 3 लाख 35 हजार के करीब वोट हासिल हुए थे। वहीं कांग्रेस के नवाब काजिम अली खान डेढ़ लाख से ज्यादा वोट ले गए थे और बसपा के अकबर हुसैन भी 81,000 वोट हासिल करने में सफल हुए थे। ऐसे में इस बार कांग्रेस और बसपा के गैर-हाजिर रहने से इन वोटों का बंटवारा सपा और भाजपा के बीच ही होना था। साफ है कि नवाब के भाजपा को समर्थन करने से कांग्रेस के वोटों का एक हिस्सा घनश्याम लोधी को मिल गया। गौरतलब है कि नवाब खानदान का आजम खान से छत्तीस का आंकड़ा रहता है। इसीलिए दोनों नेता पार्टी लाइन से ऊपर उठकर एक-दूसरे का विरोध करने का मौका नहीं छोड़ते हैं। इसके अलावा बीएसपी के दलित वोटर्स ने भी भाजपा को ही पसंद किया है। इस तरह रामपुर में बसपा का हाथी शायद भाजपा की करवट बैठ गया है और नवाब का साथ तो खुले तौर पर भाजपा के साथ ही था। इस चुनाव में एक तरफ सपा के अति आत्मविश्वास को लोगों ने चारों खाने चित कर दिया वहीं आजम खान को भी झटका दिया है, जो खुद चुनाव प्रचार की कमान संभाले हुए थे। भाजपा के लिहाज से बात करें तो रामपुर में आजम खान की मौजूदगी में जीत हासिल करना उसके लिए बड़ी सफलता है।



जिस रामपुर की दो विधानसभा सीटों पर आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम जेल में रह कर भी जीत गए थे, उस पर उनकी मौजूदगी में हार होना सपा के लिए बड़ी किरकिरी है। इस उप-चुनाव के बाद सपा मुखिया अखिलेश यादव की रणनीति पर भी सवाल उठ सकते हैं, जो आजमगढ़ और रामपुर में से किसी भी सीट पर प्रचार के लिए नहीं गए। ऐसे में आने वाले दिनों में वह एक बार फिर से पार्टी के अंदर और बाहर निशाने पर आ सकते हैं।

बहरहाल, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामपुर व आजमगढ़ लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशियों की जीत पर कहा कि यह डबल इंजन वाली सरकार की डबल जीत है। जोकि लोकसभा चुनाव 2024 के लिए एक संदेश है। उन्होंने कहा कि पहले विधानसभा चुनाव में दो तिहाई बहुमत फिर विधान परिषद चुनाव और अब उपचुनाव में जीत डबल इंजन की सरकार के सुशासन पर जनता की मुहर है। योगी ने कहा कि यह चुनाव परिणाम बताता है कि जनता परिवारवादी और सांप्रदायिक दलों और नेताओं को स्वीकार करने वाली नहीं है। जनता भाजपा के %सबका साथ सबका विकास के नारे के साथ है। उन्होंने कहा कि इन चुनाव परिणाम से यह स्पष्ट है कि भाजपा 2024 में यूपी की 80 में से 80 लोकसभा सीटों पर जीत की ओर बढ़ रही है।

उधर, यूपी में दो लोकसभी सीटों पर हार मिलने के बाद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि आजमगढ़ और रामपुर संसदीय उपचुनाव में भाजपा सरकार ने सत्ता का खुलकर दुरुपयोग किया। अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार ने छल-बल से जनमत को प्रभावित करने का षड्यंत्र किया है। भाजपा की सत्ता लोलुपता ने प्रदेश में सभी लोकतांत्रिक मान्यताओं को ध्वस्त कर दिया है। अखिलेश ने कहा कि आजमगढ़ और रामपुर दोनों क्षेत्रों में सपा मजबूती से चुनाव लड़ी है। जनता का रुझान सपा की ओर रहा है। भाजपा ने अपने पक्ष में जबरन मतदान के लिए सभी अलोकतांत्रिक एवं निम्नस्तर के हथकंडे अपनाए। मतदाताओं को वोट डालने से रोका गया। उन्हें डराया-धमकाया गया। पुलिस ने तमाम कार्यकर्ताओं को थानों में जबरन अवैध तरीके से बैठा लिया। पोलिंग एजेंटों को मतदान केंद्रों से बाहर कर दिया गया।

उन्होंने कहा कि भाजपा की मनमानी का प्रत्यक्ष प्रमाण यह है कि रामपुर में जहां मुस्लिम क्षेत्र में 900 वोट थे वहां 6 वोट पड़े और जहां 500 वोट थे वहां सिर्फ एक वोट पड़ा। यह लोकतंत्र और निष्पक्ष चुनाव का मजाक है। लोकतंत्र लहूलुहान है और यह जनता का उपहास है। लोकसभा उपचुनाव की जीत का जश्न मनाना जनता का उपहास करना है। मुख्यमंत्री जिस जीत का दावा करते हैं उस तथाकथित जीत से जनता हतप्रभ है। सच तो यह है कि 2024 में जनता भाजपा के इस अहंकार को तोड़कर रख देगी।

खैर, इन सब बातों के कोई खास मायने नहीं हैं। सबसे अधिक उत्साहजनक प्रतिक्रिया हार के भी जीत महसूस कर रही बसपा सुप्रीमो मायावती की रही, उन्हें अपनी हार का गम नहीं बल्कि सपा की हार की खुशी ज्यादा है। मायावती अब हुंकार भरके कह रही हैं कि भाजपा को हराने की सैद्धांतिक व जमीनी शक्ति उन्हीं के पास है। यह बात समुदाय विशेष को समझाने के लिए पार्टी लगातार प्रयास जारी रखेगी। मायावती ने कहा कि भाजपा व सपा के हथकंडों के बावजूद बसपा ने आजमगढ़ में जो कांटे की टक्कर दी वह सराहनीय है। वैसे बताते चलें कि बसपा प्रत्याशी गुड्डू जमाली पहले सपा के टिकट से ही यहां से चुनाव लड़ना चाहते थे, अखिलेश उनको टिकट देने का वायदा भी कर रहे थे, लेकिन टिकट देने के नाम पर वह गुड्डू को टरकाते ही रहे, इसी के बाद वह बसपा में आ गये और हाथी पर चढ़कर बसपा को नई संजीवनी दे गए।

**सम्पादकीय**

## साहसिक राजनय का सही समय

साल 2008 के मुंबई हमलों के लिए एक प्रमुख जिम्मेदार साजिद मजीद मीर को लाहौर की अदालत द्वारा पंद्रह वर्षों से अधिक की सजा सुनाए जाने को क्या हम सिर्फ संयोग कह सकते हैं या इसे बदले परिवेश में पाकिस्तानी राज्य के चरित्र में आए एक गुणात्मक परिवर्तन के रूप में देखा जा सकता है? यह प्रश्न इसलिए और महत्वपूर्ण हो जाता है कि मीर को कुछ ही दिनों पहले मृत घोषित किया जा चुका था और अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद के आर्थिक स्रोतों पर नजर रखने वाली संस्था 'फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स' यानी एफएटीएफ ने अपनी हालिया बैठक में पाकिस्तान को लगभग दोषमुक्त कर दिया है। फिर ऐसी क्या जरूरत आ पड़ी कि अपनी एजेंसियों द्वारा पाले-पोसे व्यक्ति को मुंबई हमले जैसी एक बड़ी आतंकी घटना में सजा दिलाई जाए? इसे समझने के लिए पड़ोसी देश में हाल में जो कुछ घटा, उसे समझना होगा।पाकिस्तान के जन्म के बाद यह पहली बार है कि किसी सरकार को संविधान में वर्णित तरीके से अविश्वास प्रस्ताव लाकर हटाया गया है। भारतीय पाठकों को यह जानकर आश्चर्य होगा कि निवर्तमान प्रधानमंत्री इमरान खान को सबसे ज्यादा नाराजगी इस बात पर थी कि पाक सेना ने खुद को तटस्थ घोषित कर देश की अंदरूनी राजनीति में भाग लेने से इनकार कर दिया था। किसी दूसरे लोकतंत्र में तो सेना से यह स्वाभाविक अपेक्षा हो सकती है, लेकिन पाकिस्तान में शायद राजनीतिज्ञों ने भी इसे सहज रूप से स्वीकार कर लिया है कि सेना तो सरकार बनाने-बिगाड़ने के खेल में रहेगी ही। यह भी किसी से छिपा नहीं था कि सेना ही इमरान खान को लाई थी।इमरान ने अपने साढ़े तीन साल के शासन में देश को आर्थिक बर्बादी के कगार पर पहुंचाने के साथ ही उसे राजनयिक रूप से भी अलग-थलग कर दिया था। नए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को खराब अर्थव्यवस्था को सुधारने और अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) से बिगड़े संबंध सुधारने के लिए इतने कठोर फैसले लेने पड़े। पेट्रोल की कीमतों में पचास रुपये प्रति लीटर से अधिक की बढ़ोतरी हुई, डॉलर की कीमत दो सौ रुपये की मनोवैज्ञानिक सीमा-रेखा पार कर गई और इमरान ने चलते-चलते मध्य वर्ग को आयकर में जो रियायतें दी थीं, वे सभी वापस ले ली गई हैं। बहरहाल, नई सरकार के आते ही साजिद मजीद मीर की सजा को क्या भारत से संबंध सुधारने के प्रयास के रूप में लिया जा सकता है?

निर्णायक रूप से कुछ भी कहना जल्दबाजी ही होगी और सत्ता गठबंधन के प्रमुख नेताओं से मिलने वाले संकेतों को नजरंदाज भी नहीं किया जा सकता। इनमें सबसे महत्वपूर्ण है, सरकार में विदेश मंत्री और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के नेता बिलावल भुट्टो जरदारी का बयान कि पाकिस्तान बहुत दिनों तक अलग-थलग नहीं रह सकता और उसमें छिपा यह संकेत कि उसे भारत के साथ अपने व्यापारिक संबंध मजबूत करने चाहिए। सत्ता गठबंधन के दूसरे बड़े दल मुस्लिम लीग (नून) के नेता नवाज शरीफ तो पहले भी भारत से बेहतर संबंध बनाने की बात करते रहे हैं और पिछली बार सेना द्वारा उन्हें हटाने के फैसले के पीछे एक घोषित कारण यह भी था।वैसे सेना का मौजूदा नेतृत्व भी भारत से व्यापार के पक्ष में है। सेनाध्यक्ष जनरल कमर जावेद बाजवा ने चंद महीने पहले इशारा किया था कि पाक सेना को अब भारत से व्यापार करने में कोई ऐतराज नहीं होगा। उनकी हरी झंडी दिखाने के बाद सरकार के एक अंग ने भारत से कपास और गेहूं के आयात का प्रस्ताव रखा भी, पर तब तक इमरान व बाजवा के रिश्तों में खटास आने लगी थी और इस दिशा में बात आगे नहीं बढ़ी।

# जैव विविधता के संरक्षण के बिना विकास का कोई महत्व नहीं है

सनातन हिंदू संस्कृति में किसी भी जीव की हत्या निषेध है और ऐसा माना जाता है कि अपने लिए पूर्व निर्धारित भूमिका को निभाने के उद्देश्य से ही विभिन्न जीव इस धरा पर जन्म लेते हैं एवं सभी जीवों में आत्मा का वास होता है। इसलिए हिंदू धर्मावलम्बियों द्वारा पशु, पक्षियों, पेड़, पौधों, नदियों, पर्वतों, आदि को भी ईश्वर का रूप मानकर पूजा जाता है। कई पशु एवं पक्षी तो हमारे भगवानों के वाहन माने जाते हैं। जैसे, भगवान गणेश का वाहन मूषक को माना जाता है, मां दुर्गा का वाहन शेर को माना जाता है, भगवान शिव के गले में सर्प हमेशा वास करते हैं एवं नंदी को उनका वाहन माना जाता है, भगवान विष्णु का वाहन गरुड़ को माना जाता है, भगवान कार्तिक का वाहन मोर को माना जाता है एवं धन की देवी लक्ष्मी माता का वाहन उल्लू को माना जाता है। हिंदू समाज में भगवानों की पूजा के साथ साथ उनके वाहनों के रूप में पशु एवं पक्षियों की भी पूजा अर्चना की जाती है। नाग पंचमी नामक त्यौहार के दिन सांप को दूध पिलाया जाना शुभ माना जाता है।

विकसित देशों में वैज्ञानिकों द्वारा लगातार किये जा रहे शोधों के आधार पर अब यह कहा जा रहा है कि दरअसल पूरे विश्व में केवल सनातन हिंदू संस्कृति ही लाखों वर्षों से बहुत ही वैज्ञानिक आधार पर चल रही है। पशु, पक्षी, पेड़, पौधे, नदियों, पर्वतों, जंगलो के संरक्षण की बात इस महान संस्कृति के मूल में है। इस धरा पर समस्त जीवों का अपना महत्व है एवं इन्हें अपनी भूमिका का निर्वहन इस धरा पर करना होता है। जैसे गंदगी साफ करने में कौआ और गिद्ध की प्रमुख भूमिका पाई गई हैं। परंतु दुर्भाग्य का विषय है कि हाल ही के समय में गिद्ध शहरों ही नहीं बल्कि जंगलों में भी लुप्तप्राय: हो गए हैं। हम लोग जानते ही नहीं हैं कि गिद्धों के न रहने से इस पृथ्वी ने क्या खोया है।

वर्ष 1997 में पूरी दुनिया में रेबीज नामक बीमारी से 50 हजार से अधिक लोग मर गए थे। भारत में सबसे ज्यादा 30 हजार से अधिक मौतें हुई थीं। स्टेनफोर्ड विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने अपने अध्ययन में पाया कि ऐसा गिद्धों की संख्या में अचानक आई कमी के कारण हुआ था जिसके फलस्वरूप चूहों और कुत्तों की संख्या में एकाएक वृद्धि हो गई थी। अध्ययन में यह भी बताया गया था कि कुछ पक्षियों की प्रजातियों के समाप्त होने से मृत पशुओं की सफाई, बीजों का प्रकीर्णन और परागण जैसे कार्य बहुत बड़ी हद तक प्रभावित हुए हैं। अमेरिका जैसा देश अपने यहां चमगादड़ों को संरक्षित करने का अभियान चला रहा है। सामान्यत: हम सोचते हैं कि चमगादड़ तो पूरी तरह से बेकार जीव है। मगर वैज्ञानिकों के अनुसार चमगादड़ मच्छरों के लार्वा खाता है। यह रात्रिचर परागण करने वाला प्रमुख पक्षी है एवं यह खेती का मित्र है, जिसका मुख्य भोजन चूहा है। इसीलिए भारतीय संस्कृति में पक्षियों के संरक्षण एवं संवर्धन की बात कही गई है। अर्थात, जैव विविधता को बनाए रखने की बात केवल हिंदू सनातन संस्कृति में ही बहुत पहले से मानी जाती रही है। परंतु विकसित देशों द्वारा अपनाए गए विकास के मॉडल के अंतर्गत जैव विविधता के महत्व को कम आंकने के चलते अब इस पृथ्वी पर पर्यावरण एवं प्राकृतिक संतुलन बनाए रखना लगभग असम्भव-सा हो गया है। हमारे जीवन में जैव विविधता का बहुत महत्व है। इस पृथ्वी पर अब एक ऐसे पर्यावरण का निर्माण करना एक आवश्यकता बन गया है, जो जैव विविधता में समृद्ध, टिकाऊ और आर्थिक गतिविधियों के लिए हमें निरंतर अवसर प्रदान करता रहे। जैव विविधता में असंतुलन आने से प्राकृतिक आपदाएं जैसे अत्यधिक वर्षा, तूफान, बाढ़, सूखा और भूकम्प आदि आने का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए हमारे लिए जैव विविधता का संरक्षण करना अब बहुत जरूरी हो गया है। हमारा जीवन प्रकृति का अनुपम उपहार है। अत- पेड़-पौधे, अनेक प्रकार के जीव-जंतु, मिट्टी, हवा, पानी, महासागर-पठार, समुद्र-नदियां इन सभी का संरक्षण जरूरी है क्योंकि ये सभी हमारे अस्तित्व एवं विकास के लिए महत्वपूर्ण है।



परंतु यह हमारा दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि आज की परिस्थितियों में, विशेष रूप से सभी देशों के विकास की अंधी दौड़ में शामिल होने के कारण जैव विविधता का क्षरण एक कटु सत्य बन गया है। कुछ अध्ययनों से ज्ञात होता है कि वनस्पतियों की हर आठ में से एक प्रजाति विलुप्तता के खतरे से जूझ रही है। जैव विविधता के लिए पैदा हुए ज्यादातर जोखिम प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से बढ़ती जनसंख्या, जो बेलगाम दर से बढ़ रही है, से जुड़े हुए हैं। दुनिया की जनसंख्या इस समय 700 करोड़ से अधिक हो गई है जिसके 2050 तक 1000 करोड़ तक पहुंचने के अनुमान व्यक्त किए जा रहे हैं। तेजी से बढ़ रही इस जनसंख्या से दुनिया के पारिस्थिति जन्य तंत्रों और प्रजातियों पर अतिरिक्त दबाव तो पड़ना ही है। समूचे विश्व में 2 लाख 40 हजार किस्म के पौधे और 10 लाख 50 हजार प्रजातियों के प्राणी हैं। इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) के एक प्रतिवेदन में बताया गया है कि विश्व में जीव जंतुओं की 47,677 विशेष प्रजातियों में से एक तिहाई से अधिक प्रजातियां यानी 15,890 प्रजातियों पर विलुप्ति का खतरा मंडरा रहा है। आईयूसीएन की रेड लिस्ट के अनुसार स्तनधारियों की 21 फीसदी, उभयचरों की 30 फीसदी और पक्षियों की 12 फीसदी प्रजातियां विलुप्ति के कगार पर पहुंच गई हैं। वनस्पतियों की 70 फीसदी प्रजातियों के साथ ताजा पानी में रहने वाले सरिसृपों की 37 फीसदी प्रजातियों और 1,147 प्रकार की मछलियों पर भी विलुप्ति का खतरा मंडरा रहा है। ये सब इंसान के लालच और जंगलों के कटाव के कारण हो रहा है। कई बार किसी प्रजाति को तो इंसानों द्वारा लगातार मार कर भी उसे विलुप्त कर दिया जाता है।विश्व के समृद्धतम जैव विविधता वाले 12 देशों में भारत का नाम भी शामिल है। भारत में विश्व की लगभग 70 प्रतिशत जैव विविधता विद्यमान है। इस सूची में जो अन्य देश शामिल हैं, वे हैं- ब्राजील, कोलंबिया, इक्काडोर, चीन, मैक्सिको, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, इंडोनेशिया, वेनेजुएला, चेक गणराज्य एवं मलेशिया। संपूर्ण विश्व का केवल 2.4 प्रतिशत भू-भाग ही भारत में आता है, लेकिन यहां विश्व के ज्ञात जीव-जंतुओं का लगभग 5 प्रतिशत भाग निवास करता है। भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण एवं भारतीय प्राणी सर्वेक्षण द्वारा किए गए सर्वेक्षणों के अनुसार भारत में कुल 49,000 वनस्पति प्रजातियां एवं 89,000 प्राणी प्रजातियां पाई जाती हैं। भारत विश्व में वनस्पति विविधता के आधार पर दसवें, क्षेत्र सीमित प्रजातियों के आधार पर ग्यारहवें और फसलों के उद्भव तथा विविधता के आधार पर छठे स्थान पर है। विश्व के कुल 25 जैव विविधता के सक्रिय केन्द्रों में से दो क्षेत्र पूर्वी हिमालय और पश्चिमी घाट भारत में विद्यमान हैं। जैव विविधता के सक्रिय क्षेत्र उन्हें कहा जाता है, जहां विभिन्न प्रजातियों की समृद्धता पाई जाती है एवं ये प्रजातियां उस क्षेत्र तक सीमित रहती हैं। भारत में भी 450 प्रजातियों को संकटग्रस्त अथवा विलुप्त होने के कगार पर दर्ज किया गया है। लगभग 150 स्तनधारी व 150 पक्षियों का अस्तित्व संकट में है और कीटों की अनेक प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर हैं। ये आंकड़े जैव विविधता पर निरंतर बढ़ते खतरे की ओर संकेत करते हैं। यदि यही दर बनी रही तो 2050 तक हम एक तिहाई से अधिक जैव विविधता को खो सकते हैं।

## फीडे कैंडीडेट्स शतरंज - कारुआना से ड्रॉ खेल नेपोमिन्सी की बढ़त मजबूत

**मेड्रिड ,स्पेन।** जैसे जैसे फीडे कैंडीडेट 2022 अपने अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ रहा है वैसे वैसे खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश कर रहे है और मैच के परिणाम रोमांचक हो रहे है । प्रतियोगिता के नौवे राउंड में सबकी निगाहे थी रूस के यान नेपोमिन्सी और यूएसए के फबियानों कारुआना के बीच होने वाले मुक़ाबले में जहां नेपोमिन्सी नें एक समय मुश्किल लग रही बाजी




आसान एंडगेम में पहुंचाते हुए ड्रॉ करा ली और इसी के साथ जहां नेपोमिन्सी 6.5 अंको के साथ अपनी एकल बढ़त को मजबूत करने में सफल रहे तो कारुआना 5.5 अंको के साथ दूसरे स्थान पर बने हुए है । नौवे राउंड में खेले गए बाकी सभी मुक़ाबले जोरदार रहे और सभी मैच में परिणाम जीत हार के तौर पर सामने आया । कल उलटफेर करने वाले यूएसए के हिकारु नाकामुरा को अजरबैजान के तैमूर रद्जाबोव नें ,कल जीतने वाले हंगरी के रिचर्ड रापोर्ट को फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा नें तो पोलैंड के यान डूड़ा को चीन के डिंग लीरेन मात देते हुए प्रतियोगिता में ना सिर्फ अपनी पहली जीत हासिल की बल्कि अब ये किसी के भी ख़िताबी संभावना को मुश्किल में डाल सके है । अन्य खिलाड़ियों में नाकामुरा और डिंग 4.5 अंक जबकि रद्जाबोव ,अलीरेजा और रापोर्ट 4 अंको पर खेल रहे है ।

## पार्टनर रोनाल्डो संग जॉर्जीना रोड्रिगेज की मस्ती, हरे रंग की बिकिनी पहन ढहाया कहर

**पुर्तगाल** :जॉर्जीना रोड्रिगेज इबीसा में साथी क्रिस्टियानो रोनाल्डो के साथ एक बार फिर से यॉट पर बिकिनी पहने दिखी। बेटी को जन्म देने के बाद से जॉर्जीना काफी समय बाद हॉलीडे मनाती हुई दिखी हैं। रोनाल्डो की 5.5 मिलियन पाऊंड की यॉट पर रोनाल्डो कपल कुछ क्वालिटी समय बिताने के लिए आए थे इसी दौरान जॉर्जीना को हरे रंग की बिकिनी में देखा गया। इस जोड़ी ने समुद्र में कूदने और स्नॉर्कलिंग का मजा लिया। रोनाल्डो एक बार फिर से टॉपलेस होकर अपने उभरे एब्स दिखाते नजर आए। पावर कपल ने इबीसा एडवेंचर से पहले



परिवार के साथ मालोर्का में समय बिताया था। वे ट्रमुंटाना पहाड़ों की तलहटी में एक विशाल ग्रामीण रिट्रीट में रुके थे। इस विला में जिम, पूल, हॉट टब, वॉलीबॉल कोर्ट, मिनी-फुटबॉल पिच के अलावा भूमिगत कामुक कमरा होने की भी अफवाह है।

## स्पेन गए भारतीय जूडो खिलाड़ी के कमरे में मिली विदेशी महिला, विवाद

**नई दिल्ली।** स्पेन दौरे पर गए जूनियर एशियाई चैम्पियनशिप के पदक विजेता सहित 2 जूडो खिलाड़ी और एक कोच को स्थानीय महिला खिलाडियों के साथ 'झड़प' के आरोप में देश वापस बुला लिया गया। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) से जुड़े एक राष्ट्रीय कोच ने दावा किया कि एक जूडो खिलाड़ी महिला खिलाडियों के एक समूह से विवाद में उलझ गया और फिर बाद में उसके कमरे में एक महिला मिली। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि ये महिला खिलाड़ी भी जूडो से जुड़ी थी या नहीं। कोच ने कहा कि एहतियात के तौर पर जूडो खिलाड़ी, उसके कमरे में रहने वाले दूसरे जूडो खिलाड़ी और उनके कोच को भारत वापस बुला लिया गया है। यह जूडो खिलाड़ी महिलाओं के समूह के साथ विवाद में उलझा था और फिर उसमें से एक महिला इस भारतीय खिलाड़ी के कमरे में थी। उन्होंने बताया कि दूसरा जूडो खिलाड़ी घटना में शामिल नहीं था लेकिन वह आरोपी खिलाड़ी के साथ कमरा साझा कर रहा था। जूडो महासंघ कोई खतरा नहीं मोल लेना चाहता था इसलिए उसने दोनों को स्वदेश वापस बुला लिया है।

## बेन स्टोक्स ने भरी हुंकार, कहा- भारत के खिलाफ इसी मानसिकता के साथ उतरेगा इंग्लैंड

**लीड्स।** न्यूजीलैंड के खिलाफ 3-0 के क्लीनस्वीप के दौरान आक्रामक क्रिकेट खेलने वाले इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा है कि भारत के खिलाफ होने वाले आगामी पांचवें टेस्ट में उनकी टीम के जज्बे में कोई कमी नहीं आएगी।

नए कप्तान स्टोक्स और नए कोच ब्रैंडन मैकुलम के नेतृत्व में इंग्लैंड ने गत विश्व टेस्ट चैंपियन न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट की श्रृंखला में 3-0 से क्लीनस्वीप किया। भारत के खिलाफ एकमात्र टेस्ट पिछले साल की पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला का बचा हुआ टेस्ट है जिसे मेहमान टीम के खेमे में कोविड-19 मामले आने के कारण रद्द कर दिया गया था। यह टेस्ट खेला जाएगा।

स्टोक्स ने कहा, 'जब मैं यह बोल रहा हूं तो मुझ पर विश्वास कीजिए। हम इसी (आक्रामक) मानसिकता के साथ उतरेंगे,



हालांकि यह अलग विरोधी है।' उन्होंने कहा, 'बेशक, यह पूरी तरह से अलग होगा... अलग विरोधी, उनका आक्रमण और खिलाड़ी भी अलग।' स्टोक्स ने कहा, 'हम इस पर ध्यान लगा रहे हैं कि इन पिछले तीन मैच में हमने क्या अच्छा किया है और शुक्रवार को भारत के खिलाफ भी इसे जारी रखने का प्रयास करेंगे।' भारत पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रहा है लेकिन इंग्लैंड की तरोताजा टीम से भिड़ेगा जिसमें पिछले साल भारत के खिलाफ चौथा टेस्ट खेलने वाली टीम के सिर्फ चार सदस्य (ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो और जेम्स एंडरसन) शामिल हैं। पिछले साल स्टोक्स भी श्रृंखला के लिए उपलब्ध नहीं थे क्योंकि उन्होंने अपने मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने के लिए ब्रेक लिया था। न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला से पूर्व पिछले कुछ महीनों में इंग्लैंड की टीम मुश्किल दौर से गुजर रही थी और इस दौरान 17 टेस्ट में सिर्फ एक जीत दर्ज कर पाई। टीम के अपने साथियों की सराहना करते हुए स्टोक्स ने कहा, 'दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम के खिलाफ 3-0 से श्रृंखला जीतना काफी विशेष शुरुआत है।'अप्रैल में वेस्टइंडीज के खिलाफ इंग्लैंड के 0-1 से टेस्ट श्रृंखला गंवाने के बाद रूट ने कप्तानी छोड़ दी और स्टोक्स को यह जिम्मेदारी दी गई।

## ओलंपिक पदक विजेता हॉकी खिलाड़ी वरिंदर सिंह का निधन



**जालंधर ।** ओलंपिक और विश्व कप पदक विजेता टीम का हिस्सा रहे हॉकी खिलाड़ी वरिंदर सिंह का मंगलवार सुबह जालंधर में निधन हो गया। वर्ष 1970 के दशक में भारत की कई यादगार जीत का हिस्सा रहे वरिंदर 75 साल के थे। वरिंदर 1975 में कुआलालंपुर में पुरुष हॉकी विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। यह इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भारत का अब तक का एकमात्र स्वर्ण पदक है। भारत ने तब फाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 2-1 से हराया था। वरिंदर 1972 म्यूनिख ओलंपिक में कांस्य पदक और एम्सटरडम में 1973 विश्व कप में रजत पदक जीतने वाली भारतीय टीम का भी हिस्सा थे। वरिंदर की मौजूदगी वाली टीम ने 1974 और 1978 एशियाई खेलों में भी रजत पदक जीता। वह 1975 मांट्रियल ओलंपिक में भी भारतीय टीम में शामिल थे। वरिंदर को 2007 में प्रतिष्ठित ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से भी नवाजा गया था। हॉकी इंडिया ने वरिंदर के निधन पर शोक जताया है। हॉकी इंडिया ने विज्ञप्ति में कहा, 'वरिंदर सिंह की उपलब्धि को दुनिया भर का हॉकी समुदाय याद रखेगा।'

## वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश को 10 विकेट से हराकर टेस्ट श्रृंखला जीती

**ग्रॉस आइलेट (सेंट लूसिया)।** वेस्टइंडीज ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट में सोमवार को यहां बांग्लादेश को 10 विकेट से हराकर दो मैचों की श्रृंखला 2-0 से जीत ली। मेजबान वेस्टइंडीज ने दोनों टेस्ट चार दिन के अंदर जीते। मैदान गीला होने के कारण सोमवार को पहले दो सत्र का खेल नहीं हो पाया। बांग्लादेश की टीम हालांकि जब छह विकेट पर 132 रन से आगे खेलने उतरी तो सिर्फ 12 ओवर में ही मैच का नतीजा आ गया।

बांग्लादेश ने जब दिन का खेल शुरू किया तो वह वेस्टइंडीज के पहली पारी के स्कोर से 42 रन पीछे थी। बांग्लादेश ने नौ ओवर में 54 रन जोड़े और पूरी टीम



186 रन पर सिमट गई। नुरूल हसन 50 गेंद में 60 रन बनाकर नाबाद रहे। वेस्टइंडीज को जीत के लिए 13 रन की दरकार थी जिस लक्ष्य को सलामी बल्लेबाजों जॉन कैंपबेल (नाबाद 09) और कप्तान क्रेग ब्रेथवेट (नाबाद 04) ने 17 गेंद में ही हासिल कर लिया। बांग्लादेश की टेस्ट क्रिकेट में यह 100वीं हार है।

टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 234 रन बनाए थे जिसके जवाब में वेस्टइंडीज ने पहली पारी में 408 रन का स्कोर खड़ा किया था। तीसरे सत्र मे जब खेल शुरू हुआ तो मेहदी हसन मिराज ने चौके से खाता खोला लेकिन अल्जारी जोसेफ की अगली ही गेंद पर विकेट के पीछे कैच दे बैठे। जेडन सील्स ने इबादत हुसैन और शरीफुल इस्लाम को एक ही ओवर में खाता खोले बिना पवेलियन भेजकर बांग्लादेश को दोहरे झटके दिए। सील्स, जोसेफ और केमार रोच ने तीन-तीन विकेट हासिल किए।

खलील अहमद इससे बाद रन आउट हो गए जिससे बांग्लादेश की पारी का अंत हुआ। नुरूल ने दिन की शुरुआत 16 रन से की।

उन्होंने दो छक्कों और पांच चौकों के साथ अपना तीसरा टेस्ट अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने तीनों अर्धशतक वेस्टइंडीज के खिलाफ बनाए हैं। तीन टी20 और तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला शनिवार से शुरू होगी।

## कुलदीप यादव ने शुरू की रिहैब प्रक्रिया, चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका सीरीज से हो गए थे बाहर

**बेंगलुरू।** भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव ने हाथ की चोट के बाद राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैब प्रक्रिया शुरू कर दी है जिस कारण वह दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला से बाहर हो गए थे। कुलदीप और बल्लेबाज केएल राहुल इस महीने की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज से बाहर हो गए थे।

कलाई के स्पिनर ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक तस्वीर साझा की। कुलदीप ने कू ऐप पर कैप्शन दिया, एनसीए में वापस, रिहैब टाइम। केएल राहुल को पुनर्निर्धारित पांचवें टेस्ट से बाहर कर दिया गया था, जिसे भारत एक जुलाई से ओल्ड ट्रैफर्ड में इंग्लैंड के खिलाफ खेलने के लिए तैयार है। केएल राहुल पिछले हफ्ते एनसीए में थे जहां मेडिकल टीम ने आकलन किया था कि बल्लेबाज इंग्लैंड के खिलाफ पुनर्निर्धारित पांचवां टेस्ट नहीं खेलेगा। इसके अलावा अखिल भारतीय वरिष्ठ चयन समिति ने



कप्तान रोहित शर्मा के कवर के रूप में पुनर्निर्धारित पांचवें टेस्ट के लिए मयंक अग्रवाल को भारत के टेस्ट टीम में शामिल किया है जो कोविड -19 पॉजिटिव पाए गए थे। भारत की टेस्ट टीम = रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, हनुमा विहारी, चेतेश्वर पुजारा, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव, प्रसिद्ध कृष्णा, मयंक अग्रवाल।

## नोवाक जोकोविच ने जीत के साथ शुरू किया विम्बलडन का अभियान

**लंदन।** शीर्ष वरीयता प्राप्त नोवाक जोकोविच ने विम्बलडन टेनिस टूर्नामेंट में क्वोन सून-वू के खिलाफ जीत के साथ अपने अभियान को शुरू किया। एटीपी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज सर्बिया के जोकोविच ने सेंटर कोर्ट में दो घंटे 27 मिनट तक चले पुरुष एकल मैच में कोरिया के सून-वू को 6-3, 3-6, 6-3, 6-4 शिकस्त दी।

रैंकिंग में 81वें स्थान पर काबिज कोरिया के खिलाड़ी ने 3 बार के गत विजेता को दूसरे सेट में कड़ी टक्कर दी। लेकिन अपना सातवां विम्बलडन खिताब जीतने उतरे जोकोविच ने इसके बाद सून-वू को वापसी का मौका नहीं दिया।

ऑल इंग्लैंड क्लब में जोकोविच की यह 80वीं जीत है और वह चारों ग्रैंड स्लैम में 80 या इससे अधिक मैच जीतने वाले पुरुष और महिला वर्ग के पहले खिलाड़ी हैं। महिला एकल में तीसरी वरीयता प्राप्त औंस जब्योर और एलिसन रिस्के भी दूसरे दौर में पहुंचने में सफल रहे। अमरीका की 28वीं वरीयता प्राप्त रिस्के ने



*एटीपी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज सर्बिया के जोकोविच ने सेंटर कोर्ट में दो घंटे 27 मिनट तक चले पुरुष एकल मैच में कोरिया के सून-वू को 6-3, 3-6, 6-3, 6-4 शिकस्त दी।*

स्विट्जरलैंड की यलेना इन-अलबोन को आसानी से 6-2, 6-4 से शिकस्त दी। ट्यूनिशिया की जब्योर ने स्वीडन की क्वालीफायर खिलाड़ी मिर्जम ब्योर्कलुंड को एकतरफा मैच में 6-1, 6-3 से हराया।

## टी20 विश्व कप के बाद न्यूजीलैंड का दौरा करेगी भारतीय टीम

**ऑकलैंड ।** ऑस्ट्रेलिया में आईसीसी टी20 विश्व कप के तुरंत बाद इसी साल न्यूजीलैंड और भारत के बीच सीमित ओवरों की सीरीज खेली जाएगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने मंगलवार को 18 नवंबर को वेलिंगटन के स्काई स्टेडियम में होने वाले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की शुरुआत के साथ दौरे के कार्यक्रम की घोषणा की। दोनों टीमें पहले तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलेंगी जिसके बाद 25 नवंबर को ऑकलैंड के ईडन पार्क में तीन मैचों की एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला शुरू होगी।

न्यूजीलैंड क्रिकेट के लिए बेहद व्यस्त कार्यक्रम के दौरान वे इस गर्मी में एक दिन-रात्रि टेस्ट में इंग्लैंड की मेजबानी करेंगे, जबकि ब्लैक कैप्स अगले 10 महीने में भारत के अलावा बांग्लादेश, पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ घर में सफेद गेंद की श्रृंखला भी खेलेंगे।

इसका प्रभावी रूप से मतलब है कि वे अक्टूबर 2022 और अप्रैल 2023 के बीच पांच अलग-अलग टीमों की मेजबानी करेंगे। आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया की यात्रा करने से पहले कीवी टीम अक्टूबर की शुरुआत में टी20 इंटरनेशनल त्रिकोणीय श्रृंखला में पाकिस्तान और बांग्लादेश से भिड़ेगी। उस टूर्नामेंट के पूरा होने पर भारत तीन टी20आई और तीन एकदिवसीय मैचों के लिए न्यूजीलैंड का दौरा करेगा। इससे बाद इंग्लैंड फरवरी के मध्य में दो टेस्ट के लिए न्यूजीलैंड जाएगा जो वर्तमान विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की अवधि का हिस्सा नहीं होगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट के सीईओ डेविड व्हाइट पूरी गर्मियों में सभी श्रृंखलाओं में भीड़ को आकर्षित करने के लिए आशान्वित हैं। व्हाइट ने कहा, पिछली गर्मियों के महिला विश्व कप ने खेल को बढ़ावा देने के लिए बहुत कुछ किया और व्हाइट फर्न्स को देश भर में कार्रवाई करते हुए देखना बहुत अच्छा होगा।



**न्यूजीलैंड पुरुषों का कार्यक्रमः**

टी20 त्रिकोणीय सीरीज बनाम बांग्लादेश और पाकिस्तानः 8, 9, 11, 12 और 14 अक्टूबर।

**भारत का न्यूजीलैंड दौरा :**

**टी20 सीरीज**

पहला टी20 - 18 नवंबर स्काई स्टेडियम, वेलिंगटन

दूसरा टी20 - 20 नवंबर बे ओवल, माउंट माउंगानुई

तीसरा टी20 - 22 नवंबर मैकलीन पार्क, नेपियर

**वनडे सीरीज**

पहला वनडे - 25 नवंबर, ईडन पार्क, ऑकलैंड

दूसरा वनडे - 27 नवंबर सेडॉन पार्क, हैमिल्टन

तीसरा वनडे - 30 नवंबर हेगले ओवल, क्राइस्टचर्च।

**इंग्लैंड का न्यूजीलैंड दौराः**

पहला टेस्ट - 16-20 फरवरी, बे ओवल, माउंट माउंगानुई;

दूसरा टेस्ट - 24-28 फरवरी, बेसिन रिजर्व, वेलिंगटन।

श्रीलंका का न्यूजीलैंड दौरा :

पहला टेस्ट - 9-13 मार्च, हेगले ओवल, क्राइस्टचर्च

दूसरा टेस्ट - मार्च 17- 21, बेसिन रिजर्व, वेलिंगटन

पहला वनडे - 25 मार्च

दूसरा वनडे - 28 मार्च

तीसरा वनडे - 31 मार्च

पहला टी20 - 2 अप्रैल

दूसरा टी20 - 5 अप्रैल

तीसरा टी20 - 8 अप्रैल

## रणजी ट्रॉफी जीतने के बाद कोच ने कहा- मप्र ने 'जुआ' खेला और खिताब जीता

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के पहले रणजी खिताब के प्रमुख शिल्पकार कोच चंद्रकांत पंडित ने कहा है कि उनकी टीम ने फाइनल में दिग्गज मुंबई के खिलाफ चार गेंदबाजों के साथ मैदान में उतरने का 'जुआ' खेला और आखिरकार ट्रॉफी जीतने में सफल रही। पंडित सोमवार रात इंदौर के होलकर स्टेडियम में मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) द्वारा विजेता टीम के भव्य स्वागत समारोह को संबोधित कर रहे थे।

आदित्य श्रीवास्तव की अगुवाई वाली टीम ने 41 बार की रणजी चैंपियन रह चुकी मुंबई को घरेलू क्रिकेट के इस सबसे बड़े मुकाबले में रविवार को बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में पटखनी दी और मध्यप्रदेश के गठन के साढ़े छह दशक के लम्बे अंतराल के बाद पहला रणजी खिताब अपने नाम किया। पंडित ने रणजी फाइनल के कश्मकश भरे पलों को याद करते हुए कहा, 'मैं फाइनल से पहले अपनी टीम में गेंदबाजों की संख्या को लेकर खुद दुविधा में था। चिंतित कप्तान श्रीवास्तव ने मुझसे कहा कि वह केवल चार गेंदबाजों के साथ मैच संभाल नहीं सकेंगे और मुझे उन्हें एक और तेज गेंदबाज देना ही होगा।' कोच ने बताया कि उन्होंने अपनी दुविधा दूर करने के लिए मध्यप्रदेश के वरिष्ठ क्रिकेट प्रशासक संजय जगदाले को फोन किया। उन्होंने बताया, 'जगदाले मुझसे बोले कि अगर मेरा दिल कहता है कि मैं फाइनल में चार गेंदबाजों के



साथ टीम उतारूं, तो मुझे इसी योजना पर आगे बढ़ना चाहिए।' पंडित ने कहा, 'हमने चुनौती स्वीकार करते हुए तय किया कि हम चार गेंदबाजों के साथ ही फाइनल खेलेंगे क्योंकि अगर मुंबई की टीम अच्छे बल्लेबाजों से लैस है, तो जवाब में हमारे पास भी अच्छे बल्लेबाज हैं। हमने एक जुआ खेला। ईश्वर ने हमें अपना आशीर्वाद दिया।'

उन्होंने कहा कि वेंकटेश अय्यर, आवेश खान, कुलदीप सेन, पुनीत दाते और ईश्वर पांडे जैसे पांच महत्वपूर्ण खिलाड़ी अलग-अलग कारणों से रणजी फाइनल खेलने वाली मध्यप्रदेश टीम का हिस्सा नहीं थे, इसके बावजूद टीम के अन्य 'कमांडो' खिलाड़ियों ने रणजी खिताब जीतने का मिशन शानदार तरीके से पूरा किया। कोच ने यह भी बताया कि रणजी स्पर्धा से पहले मध्यप्रदेश की टीम ने लम्बी तैयारी की थी। उन्होंने कहा, 'हमने पिछले दो सत्रों के दौरान संभावित खिलाड़ियों और बाद में टीम के चयनित सदस्यों के साथ कुल 400 दिन प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए। एमपीसीए के पदाधिकारियों ने मुझे काम करने की पूरी आजादी और हर मुमकिन सहयोग दिया।'

एमपीसीए अध्यक्ष अभिलाष खांडेकर ने राज्य को पहला रणजी खिताब दिलाने वाली टीम की पीठ थपथपाते हुए कहा, 'कोच पंडित ने हमारी टीम के खिताब जीतने के बाद मुझे बताया कि रणजी स्पर्धा की तैयारियों से जुड़े एमपीसीए के हर दस्तावेज के कवर पर रणजी ट्रॉफी की तस्वीर छापी गई थी ताकि टीम का हर सदस्य प्रोत्साहित होकर इस लक्ष्य को हासिल करने के प्रति 100 फीसदी योगदान करे।'

खांडेकर ने कहा कि वर्ष 2020 में मध्यप्रदेश के कोच के रूप में पंडित की नियुक्ति पर एमपीसीए के कुछ लोगों ने अलग-अलग कारणों से विरोध जताया था, लेकिन एमपीसीए की निगाहें रणजी विजेता बनने के लक्ष्य पर टिकी थीं, इसलिए तय किया गया कि चाहे कुछ भी हो जाए, यह जिम्मेदारी पंडित ही निभाएंगे। पहले रणजी खिताब से जाहिर तौर पर खुश एमपीसीए अध्यक्ष ने कहा, 'पंडित को कोच चुनने का शानदार नतीजा आज हमारे सामने है।

## अमेरिका के टेक्सास में दिल दहलाने वाला मंजर, एक ट्रक में मिलीं 40 से ज्यादा लोगों की लाशें

**सैन एंटोनियो:** अमेरिका के दक्षिण-पश्चिम टेक्सास के सैन एंटोनियो में एक ट्रैक्टर-ट्रेलर के अंदर कम से कम 46 लोग मृत मिले और 16 अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना के प्रवासियों की तस्करी से जुड़े होने की आशंका है। पुलिस प्रमुख



विलियम मैकमैनस ने बताया कि शाम करीब 6 बजे मदद के लिए चीख-पुकार सुनकर घटनास्थल पर मौजूद शहर के एक कर्मी को स्थिति का अंदाजा हुआ। अधिकारी ट्रैक्टर-ट्रेलर के पास पहुंचा, तो उसने उसके बाहर जमीन पर एक शव देखा। दमकल विभाग के प्रमुख चार्ल्स हुड ने बताया कि प्रचंड गर्मी की वजह से बीमार पड़े जिन 16 लोगों को अस्पतालों भर्ती कराया गया है, उनमें से 12 वयस्क और चार बच्चे हैं। मरीजों का शरीर तप रहा था और ट्रेलर में पानी बिल्कुल नहीं था। पिछले कुछ दशकों में मैक्सिको से अमेरिकी सीमा पार करने के प्रयास में मारे गए हजारों लोगों की घटना में यह सबसे घातक त्रासदी हो सकती है।

## फ्लोरिडा में 8 वर्षीय लड़के ने चलाई गोलियां, एक साल की बच्ची की मौत व एक अन्य घायल

**न्यूयार्क:** अमेरिका में फ्लोरिडा के एक मोटल में 8 वर्षीय एक बच्चे ने रविवार को गलती से गोलियां चला दीं, जिससे एक वर्षीय बच्ची की मौत हो गई और दो साल की एक अन्य बच्ची घायल हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। लड़के के पिता ने बंदूक को अपने पेनसाकोला मोटल के कमरे की अलमारी में छिपाकर रखा था।



एस्कैम्बिया काउंटी के शेरिफ चिप सिमंस ने सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जैसे ही लड़के के पिता कमरे से बाहर निकले, उनके बेटे ने बंदूक ढूंढ ली और गोलियां चला दीं, जिससे एक बच्ची की मौत हो गई और एक अन्य बच्ची घायल हो गई।बच्चियां उसके पिता की प्रेमिका की थीं। सिमंस ने कहा कि घायल बच्ची के ठीक होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि लड़के के पिता पर बन्दूक रखने, लापरवाही बरतने और सबूतों से छेड़छाड़ करने समेत अन्य आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया और बाद में 41,000 डॉलर की जमानत पर रिहा कर दिया गया।

## पाकिस्तान ने भारत पर साधा निशाना- ब्रिक्स में भागीदारी को 'एक सदस्य ने अवरुद्ध किया'

**इस्लामाबाद/बीजिंग:** पाकिस्तान ने आरोप लगाया कि ब्रिक्स के ''एक सदस्य' ने चीन द्वारा आयोजित समूह के हालिया शिखर सम्मेलन के इतर आयोजित एक डिजिटल बैठक में उसकी भागीदारी को अवरुद्ध कर दिया। विदेश कार्यालय ने कहा कि इस साल ब्रिक्स देशों-ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के 14वें शिखर सम्मेलन में वैश्विक विकास पर एक उच्च स्तरीय वार्ता के इतर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कई विकासशील/उभरती अर्थव्यवस्थाओं को आमंत्रित किया गया। पाकिस्तान ने कहा कि मेजबान देश चीन की ब्रिक्स बैठकों से पहले से ही पाकिस्तान के साथ भागीदारी है।

ब्रिक्स की बैठकों में गैर-सदस्यों को आमंत्रित करने सहित सभी निर्णय ब्रिक्स सदस्यों के साथ परामर्श के बाद लिए जाते हैं। विदेश कार्यालय ने कहा, ''अफसोस की बात है कि एक सदस्य ने पाकिस्तान की भागीदारी को अवरुद्ध कर दिया।' हालांकि, विदेश कार्यालय ने किसी देश का नाम नहीं लिया, लेकिन भारत-पाकिस्तान के बीच संबंधों के इतिहास को देखते हुए वह परोक्ष रूप से भारत की ओर इशारा कर रहा था। पाकिस्तान ने आशा व्यक्त की कि समूह के भविष्य के निर्णय ''समावेशिता' पर आधारित होंगे। विदेश कार्यालय ने कहा, ''हम आशा करते हैं कि संगठन की भविष्य की भागीदारी विकासशील दुनिया के समग्र हितों को ध्यान में रखते हुए और संकीर्ण भू-राजनीतिक विचारों से परे समावेशिता के सिद्धांतों पर आधारित होगी।'

# जी-7 मीटिंग: इंडो-पैसिफिक और रूस-यूक्रेन जंग पर फोकस; अलग अंदाज में मोदी से मिले जो बाइडेन

**बर्लिन।** जर्मनी के श्लॉस एल्माऊ पैलेस में जी-7 समिट हुई। जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए। समिट में क्लाइमेट चेंज, एनर्जी, हेल्थ और फूड सिक्योरिटी एंड जेंडर इक्वालिटी पर फोकस रहा। इसके अलावा यूक्रेन-रूस जंग और हिन्द-प्रशांत क्षेत्र पर भी गंभीर चर्चा हुई। इस दौरान मोदी ने रूस और यूक्रेन का नाम लिए बगैर कहा कि कुछ वजहों से एनर्जी और फूड क्राइसिस सामने आ रहा है।

**मोदी के भाषण की अहम बातें**- यह धारणा गलत है कि गरीब देश पर्यावरण को ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं। भारत का एक हजार साल का इतिहास भी इस तथ्य को गलत साबित करता है। हमने प्रकृति को संरक्षित रखा है।

भारत में दुनिया की 17फीसदी आबादी रहती है। हमने भारत के घर-घर में LED और क्लीन कुकिंग गैस पहुंचाई है। पर्यावरण के प्रति हम अपनी जिम्मेदारी निभाते आए हैं और निभाते रहेंगे। हर गरीब परिवार का ऊर्जा पर बराबर हक है। यह सिर्फ अमीरों के लिए नहीं है।

हमें उम्मीद है कि अमीर देश क्लीन एनर्जी के मामले में भारत



की मदद करेंगे। आज भारत में दुनिया का पहला सोलर पावर्ड एयरपोर्ट है।

समिट के दौरान मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों से अलग से मुलाकात की। इस दौरान भारत और फ्रांस के आपसी रिश्तों पर बातचीत हुई।

समिट के दौरान मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों से अलग से मुलाकात की। इस दौरान भारत और फ्रांस के आपसी रिश्तों पर बातचीत हुई।

**मोदी-बाइडेन मुलाकात**

समिट शुरू होने के पहले ग्रुप फोटो सेशन हुआ। इस दौरान एक पल ने सभी का ध्यान खींचा। दरअसल, ग्रुप फोटो से पहले मोदी और कनाडा के PM जस्टिन ट्रूडो बातचीत कर रहे थे। कुछ दूरी पर स प्रेसिडेंट जो बाइडेन खड़े थे। उन्होंने मोदी को देखा तो तेज कदमों से चलकर उनके पीछे पहुंचे। मोदी का कंधा थपथपाकर अटेंशन चाही। मोदी ने जैसे ही पलटकर देखा तो फौरन बाइडेन का हाथ थाम लिया। फिर दोनों राष्ट्राध्यक्ष कुछ देर तक बातचीत करते रहे। इसके बाद ग्रुप फोटो सेशन हुआ। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जर्मनी के म्यूनिख पहुंचे थे।

## जॉर्डन में जहरीली गैस का रिसाव:अब तक 10 लोगों की मौत, 251 घायल, लोगों से घरों में रहने की अपील

**अकाबा।** जॉर्डन के अकाबा बंदरगाह पर एक टैंकर से जहरीली गैस के रिसाव से 10 लोगों की मौत हो गई और 251 घायल हो गए। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, सोमवार देर रात अकाबा पोर्ट पर एक टैंकर क्लोरीन गैस ले जा रहा था। क्रेन के करीब पहुंचते ही इसमें ब्लास्ट हो गया। इसमें 10 लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद लोग जान बचाने के लिए भागते दिखे।

**सरकार की अपील- घरों में ही रहें**

अकाबा हेल्थ डिपार्टमेंट के हेड जमाल ओबेदियात ने कहा- हम शहर के लोगों से अपील करते हैं कि वो अगले आदेश तक अपने घरों में ही रहें। अगर दिक्कत ज्यादा है तो घरों के दरवाजे और खिड़कियां पूरी तरह बंद रखें। हमें लगता है कि मरने वालों का आंकड़ा बढ़ सकता है, क्योंकि



कई घायलों की हालत बेहद गंभीर है। अकाबा पोर्ट पर तमाम शिपिंग ऑपरेशन्स बंद कर दिए गए हैं। स्पेशल प्रोटेक्शन सूट में रेस्क्यू टीम घटनास्थल पर भेजी गई है।

अकाबा पोर्ट पर तमाम शिपिंग ऑपरेशन्स बंद कर दिए गए हैं। स्पेशल प्रोटेक्शन सूट में रेस्क्यू टीम घटनास्थल पर भेजी गई है।

**कर्मचारियों की गलती से हादसा**

रिपोर्ट्स के मुताबिक, हादसा कर्मचारियों की गलती की वजह से हुआ। जब सिलेंडर शिप पर लोड किया जा रहा था। तभी बेहद तेज धमाका हुआ। इसके बाद सिलेंडर जमीन पर आ गिरा। इस पोर्ट पर घटना के वक्त करीब 25 टन क्लोरीन गैस स्टोर थी।

**फील्ड अस्पताल बनाया**

इन्फॉर्मेशन मिनिस्टर फैसल अल सुबुल ने कहा- हमने फौरन फील्ड अस्पताल बनाने के आदेश दिए हैं। अकाबा की जनसंख्या करीब एक लाख 88 हजार है। यहां से कुछ दूरी पर इजराइली शहर ईलत है। इसकी आबादी 50 हजार है। दोनों शहर सड़क से भी जुड़े हुए हैं। हमने हालात को काबू कर लिया है, लेकिन ये सही है कि कुछ घायलों की हालत बेहद गंभीर है।

## अफगानिस्तान में भूकंप के कारण मारे गए बच्चों की संख्या बढ़कर 155 हुई

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि दक्षिण पूर्वी अफगानिस्तान में पिछले सप्ताह आए भीषण भूकंप के कारण जान गंवाने वाले बच्चों की संख्या बढ़कर 155 हो गई है। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय समन्वय संगठन ''ओसीएचए' ने कहा कि देश की पाकिस्तान से लगती सीमा के पास पक्तिका और खोस्त प्रांतों के पर्वतीय गांवों में आए छह तीव्रता के भूकंप में 250 और बच्चे घायल हुए हैं। अधिकतर बच्चे भूकंप से बेहद प्रभावित पक्तिका के गायान जिला से हैं। अफगानिस्तान के तालिबान शासकों ने भूकंप से मरने वालों की संख्या 1,150 बताई है और सैकड़ों लोगों के घायल होने की बात कही है। वहीं, संयुक्त राष्ट्र ने यह आंकड़ा थोड़ा कम 770 बताया है। हालांकि, विश्व संस्था ने आंकड़ों में इजाफा होने के संकेत दिए हैं। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय कार्यालय ने कहा कि भूकंप के कारण करीब 65 बच्चे अनाथ हो गए हैं या उनके साथ कोई नहीं है।दशकों के युद्ध, गरीबी और आर्थिक संकट से जूझ रहे अफगानिस्तान के लिए यह भूकंप ताजा झटका है जो एक तरह से तालिबान शासन की क्षमता और अंतरराष्ट्रीय समुदाय की अफगानिस्तान की मदद करने की इच्छा दिखाने के लिए एक तरह से परीक्षा है। संयुक्त राष्ट्र की बाल एजेंसी ने सोमवार को कहा कि वह भूकंप के कारण बिछड़े हुए बच्चों को फिर से परिवार से मिलाने का प्रयास कर रही है। एजेंसी ने गायान में बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य की जांच एवं मनोवैज्ञानिक मदद के लिए एक क्लीनिक भी बनाया है।

## अमेरिका में ट्रक से टकराई ट्रेन:भिड़ंत के बाद 8 में से 7 कोच पटरी से उतरे, 3 की मौत; 50 से ज्यादा यात्री घायल



**मिसोरी।** अमेरिका के मिसोरी में एक ट्रेन कचरे से भरे ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी भयानक थी की ट्रेन पटरी से उतर गई। इस हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई। 50 से ज्यादा यात्री घायल हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मारे जाने वाले लोगों की संख्या बढ़ सकती है।

एमट्रैक मीडिया सेंटर के मुताबिक, ट्रेन में 243 यात्री थे। वहीं, घायलों में ट्रेन चालक समेत 12 क्रू मेम्बर्स भी शामिल हैं। एक अधिकारी ने बताया कि ट्रेन के ट्रक से टकराने के बाद 8 में से 7 बोगियां और दो लोकोमोटिव पटरी से उतर गए। यह ट्रक मेंडन, मिसोरी के पास एक क्रॉसिंग पर खड़ा था।

## राजदूत संधू ने कहा- भारत और अमेरिका के बीच विश्वास बढ़ाने में पीएत मोदी ने निभाई अहम भूमिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत और अमेरिका के संबंधों की क्षमता को समझते हैं तथा उन्होंने दोनों देशों के बीच विश्वास पैदा करने में अहम भूमिका निभाई है। संधू ने कोविड-19 वैश्विक महामारी के बावजूद दोनों देशों के बीच पिछले साल हुए 160 अरब डॉलर के रिकॉर्ड द्विपक्षीय व्यापार की सराहना की। उन्होंने रविवार को शिकागो में एक समारोह के दौरान कहा, ''1.4 अरब नागरिकों के मुखिया होने के नाते हमारे प्रधानमंत्री ने हम सभी को बड़े सपने देखने के लिए प्रोत्साहित किया है।

उन्होंने हमें वास्तव में दिखाया है कि यदि दृढ़ निश्चय के साथ काम किया जाए, तो इन सपनों को साकार किया जा सकता है, जैसा कि वैश्विक नक्शे पर भारत के उदय से दिखाई दे रहा है।'' संधू ने शिकागो में 'एनआईडी फाउंडेशन' द्वारा आयोजित 'विश्व सद्भावना' कार्यक्रम में कहा, ''आइए, हम सभी बड़े सपने देखें और उन सपनों को साकार करने के लिए पूरे जोश के साथ काम करें।' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी भारत और अमेरिका के संबंधों की क्षमता को समझते हैं और उन्होंने देशों के बीच भरोसा कायम करने में अहम भूमिका निभाई है। संधू ने कहा, ''प्रधानमंत्री ने अमेरिका के रूप में एक निकटतम मित्र और एक मजबूत साझेदार को देखा, जो लगभग 1.4 अरब भारतीयों के सपनों और विकास की



आकांक्षाओं को हकीकत में बदलने के लिए महत्वपूर्ण है। 'उन्होंने कहा, ''मोदी ने अपनी दूरगामी सोच के जरिए इन संबंधों को आकार दिया और दिखाया कि ध्यान केंद्रित करके एवं लगातार प्रयासों से ठोस परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। अमेरिका ने भारत को एक प्रमुख रक्षा भागीदार के रूप में नामित किया है, जो रक्षा क्षेत्र में हमारे मजबूत सहयोग का आधार है। भारत और अमेरिका आज किसी भी अन्य देश की तुलना में एक दूसरे के साथ अधिक द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास करते हैं।' अमेरिका और भारत के बीच रक्षा व्यापार 1990 के दशक के अंत में लगभग शून्य था, लेकिन 2022 में यह बढ़कर 20 अरब डॉलर से अधिक हो गया। इसी तरह, ऊर्जा के क्षेत्र में व्यापार पांच साल पहले लगभग शून्य था, लेकिन यह अब 20 अरब डॉलर है। उन्होंने कहा, ''भारत और अमेरिका के बीच पिछले साल 160 अरब डॉलर से अधिक का व्यापार हुआ था, जो अब तक का सर्वाधिक व्यापार है। यह व्यापार इसलिए और भी अधिक प्रभावित करने वाला है, क्योंकि हम कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने के बावजूद और किसी भी औपचारिक व्यापार समझौते के बिना यह रिकॉर्ड हासिल करने में सक्षम रहे।'संधू ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया को आगे की राह दिखा रहा है। उन्होंने कहा, ''पूरी दुनिया को कोविड-19 के टीके मुहैया कराने की बात हो, अफगानिस्तान जैसे देशों में राहत मिशन चलाने की बात हो या शिक्षा या अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में देशों का हाथ थामने की बात की या ग्लासगो में 'सीओपी26 ग्लोबल लीडर्स समिट अथवा विश्व आर्थिक मंच के दावोस शिखर सम्मेलन के दौरान भारत का रुख हो, नरेंद्र मोदी ने दुनिया को वास्तव में आगे की राह दिखाई है।

## 17 हजार से ज्यादा तिब्बतियों को निर्वासित करेगा चीन

**बीजिंग।** तिब्बतियों को लेकर चीन का रवैया सुधरने का नाम नहीं ले रहा है। अब चीन ने पर्यावरण संरक्षण व जीवनशैली में सुधार के नाम पर 17 हजार से ज्यादा तिब्बतियों को निर्वासित करने का फैसला किया है। इसे लेकर तिब्बतियों में आक्रोश है।

जानकारी के मुताबिक तिब्बत में रहने वालों को कमजोर करने के लिए चीन हर संभव कोशिश कर रहा है। तिब्बतियों का मानना है कि चीन लगातार तिब्बत में तिब्बतियों की आबादी कम करने पर काम कर रहा है। इसी के तहत चीन सरकार ने नई पुनर्वास योजना बनाई है। इस योजना के तहत अगले आठ वर्षों में तिब्बत के सौ कस्बों की लगभग डेढ़ लाख आबादी को तिब्बत से बाहर स्थानांतरित करने की बात कही गयी है। फिलहाल तात्कालिक रूप से चीन की सरकार द्वारा अगले डेढ़ महीने में तिब्बत की दक्षिणी पश्चिमी सीमा पर स्थित नागकू शहर में रहने वाले 17,555 लोगों को स्थानांतरित किया जाएगा। चीन सरकार ने इस पुनर्वासन को जीवनशैली में सुधार और पर्यावरण सुरक्षा का हवाला देकर अमल में लाने की बात कही है।

## रूस ने भीड़-भाड़ वाले 'मॉल' में दागी मिसाइल, भीषण आग में कम से कम 16 लोगों की मौत

**क्रेमेनचुक ।** यूक्रेन-रूस के बीच पिछले कई महीनों से लगातार जंग जारी है। दोनों देशों के बीच फिलहाल समझौते के कोई आसार नहीं नजर आ रहे हैं। सर्विसेज के प्रमुख सर्गेई क्रूक ने बताया घायलों में से 25 को अस्पताल में भर्ती कराया गया है । यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने सोमवार को एक पैदा किया और इसका कोई रणनीतिक मूल्य नहीं था।उन्होंने रूस पर सामान्य जीवन जीने के लोगों के प्रयासों में व्यवधान डालने का आरोप लगाया। से एक पोलैंड की सीमा के पास है।

रूस की तरफ से ये हमले ऐसे समय में हो रहे हैं जब जर्मनी के बवारियन आल्प्स में





इस बीच यूक्रेन के मध्य क्षेत्र में स्थित क्रेमेनचुक शहर में रूस की एक मिसाइल भीड़भाड़ वाले शॉपिंग सेंटर से टकरा गई और हमले में दर्जन से अधिक नागरिकों के मारे जाने व कई घायल हो गए।

यूक्रेन के अधिकारियों ने बताया कि क्रेमेनचुक में मॉल के निशाना बनाकर किए गए रूस मिसाइल हमले में मरने वालों की संख्या अब बढ़कर 16 हो गई है जबकि 59 लोग घायल है। मंगलवार तड़के यूक्रेन इमरजेंसी टेलीग्राम पोस्ट में कहा कि घायलों की संख्या अकल्पनीय थी। एक रिपोर्ट के हवाले से उन्होंने कहा कि हमले के समय एक हज़ार से अधिक नागरिक मॉल के अंदर थे। कुछ मिनट बाद, राष्ट्रपति कार्यालय के उप प्रमुख किरिल टायमोशेंको ने एक टेलीग्राम पोस्ट में कहा, कम से कम दो लोग मारे गए और लगभग 20 लोग घायल हो गए, जिनमें से नौ की हालत गंभीर है।ज़ेलेंस्की ने कहा कि मिसाइल ने रूस की सेना के लिए कोई खतरा नहीं

यह लगातार दूसरा दिन है जब रूसी मिसाइल ने किसी सिविल इमारत को निशाना बनाया है। इससे पहले यूक्रेन ने दावा किया था कि रविवार को रूस की एक मिसाइल ने कीव में एक आवासीय इमरात हिट किया। शहर के मेयर विटाली क्लिट्स्को के मुताबिक हमले में बच्ची समेत चार लोग घायल हुए थे। वहीं रविवार को मॉस्को ने कहा कि उसके बलों ने उत्तरी और पश्चिमी यूक्रेन में तीन सैन्य केंद्रों पर हमले किए हैं, जिनमें त7 शिखर सम्मेलन आयोजित हो रहा है। राष्ट्रपति वोलोदिमिर जलेंस्की ने भी त7 के नेताओं से वीडियो लिंक के जरिए बातचीत की।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ज़ेलेंस्की ने शिखर सम्मेलन में शामिल हुए नेताओं से वर्ष के अंत तक अपने देश पर रूस के आक्रमण को समाप्त करने के लिए हर संभव प्रयास करने की अपील की, जिसमें रूस के खिलाफ प्रतिबंधों को तेज करना भी शामिल है।

अखंड भारत संदेश

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम एवम् योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवम् क्रियायोग आश्रम अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश 211019 से प्रकाशित।

Title UPHIN 29506

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बंधित विवादों का न्याय क्षेत्र कौशाम्बी, प्रयागराज होगा।

## यूएई पहुंचे पीएम मोदी, राष्ट्रपति नाहयान ने हवाई अड्डे पर किया स्वागत

**अबू धाबी।** जर्मनी में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के बाद भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पहुंचे। संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति जायद अल नाहयान ने स्वयं हवाई अड्डे पहुंच कर भारतीय प्रधानमंत्री का स्वागत किया।

भारत के प्रधानमंत्री मोदी जर्मनी की दो दिवसीय यात्रा समाप्त कर आज संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा पर पहुंचे हैं। संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी के हवाई अड्डे पर जब उनका विमान उतरा तो वहां प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत के लिए स्वयं संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति जायद अल नाहयान मौजूद



थे।नाहयान ने मोदी का स्वागत किया। दोनों नेता गर्मजोशी से गले मिले। अपनी संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वहां के पूर्व राष्ट्रपति शेख खलीफा बिन जायद अल नाहयान के निधन पर व्यक्तिगत रूप से शोक व्यक्त करेंगे। गौरतलब है कि पूर्व राष्ट्रपति शेख खलीफा बिन नाहयान का लंबी बीमारी के बाद 13 मई-2022 को निधन हो गया था। वह 73 वर्ष के थे। नाहयान वर्ष 2004 से सत्ता पर काबिज थे।